


पूर्णिमा का चांद ऐसा दिखा

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

महर्षि वाल्मीकि जयंती आज



नई दिल्ली, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025 ■ आश्विन मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ■ वर्ष : 29, अंक : 174 ■ पृष्ठ : 12 ■ मूल्य : 2.00 ■ मौसम अधि. 28 न्यून. 21 ■ haribhoomi.com


### सुप्रीम कोर्ट में अभूतपूर्व घटना | मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर दिल्ली पुलिस ने किया रिहा

# मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश, आरोपी वकील हिरासत में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब सुनवाई के दौरान एक वकील ने भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की।

अचानक घटी इस घटना से कुछ देर के लिए अदालत कक्ष में अफरातफरी मच गई, हालांकि सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत स्थिति संभाल ली और आरोपी को हिरासत में ले लिया। यह अभूतपूर्व घटना तब हुई जब सर्वोच्च न्यायालय में खजुराहो मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्तियों की पुनर्स्थापना से जुड़ी याचिका पर सुनवाई चल रही थी। कार्यवाही के दौरान 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर अचानक खड़ा हुआ और "सनातन का अपमान नहीं सहेंगे" के नारे लगाते हुए जूता फेंकने का प्रयास किया। जूता बेंच तक नहीं पहुंच सका और फर्श पर गिर गया। सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल उसे पकड़ लिया और बाहर ले गए। करीब तीन घंटे तक पूछताछ के बाद, सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के निर्देश पर



दिल्ली पुलिस ने बिना मामला दर्ज किए उसे रिहा कर दिया। रजिस्ट्रार को मुख्य न्यायाधीश ने निर्देश दिए थे कि ऐसा कृत्य करने वाले पर कोई कानूनी कार्रवाई न की जाए।

मुख्य न्यायाधीश गवई ने इस घटना पर संयमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "ऐसी घटनाएं मुझे प्रभावित नहीं करतीं। अदालत अपना काम जारी रखेगी।" उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है और वे सभी धर्मों का गहरा सम्मान करते हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि "अगर आप भगवान के समर्थक हैं, तो उनसे खुद पूछें।" इस बयान को कुछ समूहों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला बताया था और सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। इस घटना ने अदालत परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह भी है कि पहचान पत्र के सहारे वकील बनकर अंदर तक पहुंचने वाले व्यक्ति ने यदि नुकसान पहुँचा दिया होता तो स्थिति कितनी भयावह हो सकती थी।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट जैसे संवैधानिक संस्थान में इस प्रकार का आचरण न केवल न्यायपालिका की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि लोकतंत्र की नींव को ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### वकील तत्काल निलंबित

घटना के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने वकील राकेश किशोर का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और कहा है कि "न्यायपालिका की गरिमा के विरुद्ध इस तरह के आचरण को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।"

#### सोनिया ने की निंदा

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने भी इस घटना की निंदा करते हुए कहा, "यह केवल एक न्यायाधीश पर हमला नहीं, बल्कि संविधान और न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर हमला है।"

### पीएम मोदी ने सीजेआई गवई से फोन पर की बात

#### कहा- समाज में ऐसे कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं

मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निंदा की है। पीएम मोदी ने इस घटना के



सामने आने के बाद सीजेआई गवई से फोन पर बात की है। पीएम मोदी ने लिखा, 'भारत के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति बीआर गवई जी से बात की। आज सुबह सुप्रीम कोर्ट परिसर में उन पर हुए हमले ने हर भारतीय को क्षुब्ध कर दिया है। हमारे समाज में ऐसे निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। यह अत्यंत निंदनीय है। ऐसी स्थिति में न्यायमूर्ति गवई द्वारा प्रदर्शित धैर्य की मैं सराहना करता हूं। यह न्याय के मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और हमारे संविधान की भावना को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

तीन वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल

#### मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन साकागुची को मिला अवार्ड



मैरी ई. ब्रुनको | फ्रेड रामस्डेल | शिमोन साकागुची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार का ऐलान हुआ। इस साल 'फिजियोलॉजी या मेडिसिन' का नोबेल पुरस्कार मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन साकागुची को दिया गया। शरीर की शक्तिशाली प्रतिरक्षा प्रणाली को नियंत्रित करना आवश्यक है अन्यथा यह हमारे अपने अंगों पर ही हमला कर सकती है। मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड राम्सडेल और शिमोन साकागुची को इस संबंध में उनकी अभूतपूर्व खोजों के लिए 2025 का फिजियोलॉजी या मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार शरीर की रक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) को बेहतर समझने की खोज- पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस के लिए मिला है। इन खोजों ने अनुसंधान की नई राह खोल दी है। इससे कैंसर तथा ऑटोइम्यून रोगों के उपचारों को और प्रभावी बनाने में मदद मिल सकती है। पिछले साल का पुरस्कार अमेरिकी नागरिक विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को सूक्ष्म 'आरएनए' (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए दिया गया था। यह सम्मान 1901 से 2024 के बीच 115 बार 229 नोबेल पुरस्कार विजेताओं को प्रदान ▶▶ शेष पेज 5 पर



**इस खोज से कैंसर तथा ऑटोइम्यून रोगों के उपचारों को और प्रभावी बनाने में मदद मिल सकती है**

### मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

# बिहार विधानसभा चुनाव की तारीख़ें घोषित, दो चरणों में वोटिंग, नतीजे 14 नवंबर को

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की आधिकारिक घोषणा कर दी। राज्य में इस बार चुनाव दो चरणों में होंगे। पहला चरण 6 नवंबर और दूसरा चरण 11 नवंबर को, जबकि मतगणना और परिणाम की घोषणा 14 नवंबर को की जाएगी। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आयोग इस बार चुनाव को "सबसे पारदर्शी, सुरक्षित और समावेशी" बनाने के लिए कई नई पहलें कर रहा है। इसके तहत बिहार में 17 चुनावी सुधार लागू किए जाएंगे जिन्हें आगे चलकर पूरे देश में अपनाया जाएगा। इनमें हर मतदान केंद्र पर वेबकैस्टिंग, उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीर, मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा और एक बूथ पर अधिकतम 1,200 मतदाता जैसी व्यवस्थाएँ शामिल हैं।




**चुनावी कैलेंडर एक नज़र में**

- पहला चरण मतदान: 6 नवंबर 2025
- दूसरा चरण मतदान: 11 नवंबर 2025
- मतगणना व नतीजे: 14 नवंबर 2025

#### मतदाता सूची में बड़ा बदलाव

इस बार विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत 21.53 लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं, जबकि 3.66 लाख नाम हटाए गए। अंतिम सूची में अब कुल 7.42 करोड़ मतदाता दर्ज हैं। विपक्ष ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे "पक्षपातपूर्ण" बताया है और मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

### राजनीतिक जंग और प्रमुख खिलाड़ी

बिहार की सियासी जंग इस बार भी बेहद रोचक मानी जा रही है। मुकाबला मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के बीच होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, और रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर की नई पार्टी जन सुराज इस बार त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना बढ़ा रही है।

#### मुद्दों पर टकराएंगे तेवर

बेरोज़गारी, प्रवासन, कृषि, कानून-व्यवस्था और विकास कार्य इस चुनाव के प्रमुख मुद्दे होंगे। भाजपा-जदयू गठबंधन सरकार अपने "सुशासन" और विकास योजनाओं के आधार पर वोट मांगेगी, वहीं महागठबंधन युवाओं के रोज़गार और सामाजिक न्याय के सवाल को चुनावी एजेंडा बना रहा है।

#### सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष ज़ोर

चुनाव आयोग ने कहा कि प्रत्येक चरण में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती होगी और "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत किसी भी गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

### भाजपा ने बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत का जताया विश्वास

#### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा जनता विकास चुनेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद भाजपा ने विश्वास जताया है कि प्रदेश की जनता इस बार भी 'विकास की राजनीति' को चुनेगी और एनडीए को प्रचंड बहुमत देगी। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार के नेतृत्व में 'विकास और सुशासन' की नीतियों पर जोर देते हुए बिहार की जनता से 'जंगलराज' की वापसी रोकने का आह्वान किया है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। 243 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राज्य में 1185 करोड़ का होगा निवेश 13 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

## हरियाणा ने जापान की कंपनियों के साथ किए 6 एमओयू




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विकसित भारत-विकसित हरियाणा विज़न के तहत हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने पहले ही दिन जापान की बड़ी कंपनियों के साथ 6 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इन एमओयू के माध्यम से कंपनियों द्वारा हरियाणा में लगभग 1185 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा और लगभग 13000 से अधिक युवाओं के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक डॉ. यश गर्ग और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

हरियाणा में जापानी निवेश को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री ने एआईएसआईएन, एयर वाटर, टीएएसआई, नम्बू, डेंसो, सोजित्ज़, निसिन, कावाकिन और टोप्पन सहित प्रमुख जापानी कंपनियों के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों के परिणामस्वरूप 1185 करोड़ रुपये के 6 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए, जिससे हरियाणा में लगभग 13000 लोगों के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कंपनियों के साथ बैठकें कर हरियाणा और जापान के मध्य द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया। उन्होंने छोटे और मध्यम उद्योगों के बीच साझेदारी बढ़ाने की पहल का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में उपकरण, औद्योगिक पुर्ज़े, मेटल वर्किंग उद्योगों के साथ-साथ ऑटो, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जिला कलेक्टरों के लिए 'एनएकेएसएचए' कार्यक्रम पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

*एलबीएसएनएए में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला ने 28 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में 'एनएकेएसएचए' के पायलट कार्यान्वयन के लिए जिला कलेक्टरों को तैयार किया*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) के सहयोग से सोमवार को 'एनएकेएसएचए' कार्यक्रम पर दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का उद्घाटन किया।

यह पहल देशभर के जिलाधिकारियों और कलेक्टरों को एक साथ लाती है, ताकि वे इस ऐतिहासिक शहरी भूमि संसाधन परियोजना के राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन के लिए तैयार हो सकें। 'एनएकेएसएचए' कार्यक्रम डिजिटल




इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के अंतर्गत एक अग्रणी एक-वर्षीय पायलट पहल है। इसका उद्देश्य उन्नत भू-स्थानिक मानचित्रण और डेटा विश्लेषण के एकीकरण के माध्यम से शहरी भूमि प्रशासन में पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता लाना है। यह कार्यशाला देशभर के जिलाधिकारियों और कलेक्टरों को 'एनएकेएसएचए' कार्यक्रम के राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक और तकनीकी तैयारियों के निर्माण हेतु एक साथ लाती है। अत्याधुनिक भू-स्थानिक मानचित्रण, जीएनएसएस (ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम) और वेब-जीआईएस टूल स का लाभ उठाते हुए 'एनएकेएसएचए' ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन रक्षा समझौतों पर होंगे हस्ताक्षर

## इस सप्ताह 9 से 10 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर रहेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ की चुनौती, खालिस्तानियों की आक्रामकता से लेकर दुनिया के कुछ भागों में जारी संघर्षों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सप्ताह 9 से 10 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

जिसका सबसे प्रमुख आकर्षक बिंदु दोनों देशों के बीच तीन रक्षा समझौतों पर किया जाने वाला हस्ताक्षर समारोह होगा। पहला समझौता सूचना साझा करने, दूसरा समुद्री क्षेत्र और तीसरा व अंतिम समझौता संयुक्त गतिविधियों के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को और अधिक बढ़ावा देने से जुड़ा हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वर्ष 2014 में मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार के गठन के बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच होगी बैठक

मंत्रालय ने ये भी बताया कि अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के साथ



द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। साथ ही सिडनी में एक व्यापारिक गोलमेज बैठक की अध्यक्षता भी उनके द्वारा की जाएगी। जिसमें भारत-ऑस्ट्रेलिया के उद्योग जगत के दिग्गज शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया के अन्य राष्ट्रीय नेताओं से भी राजनाथ सिंह की मुलाकात होगी। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नई व सार्थक पहल की तलाश करने का अवसर प्रदान करेगी।

## रक्षा विनिर्माण पर आज होगा राष्ट्रीय सम्मेलन, राजनाथ सिंह करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार (7 अक्टूबर) को राजधानी में देश में रक्षा विनिर्माण के मौके पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। जिसका उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के उद्योग विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना और भारत के रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करना है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि सम्मेलन के दौरान स्वदेशीकरण और रक्षा निर्यात के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए चल रहे राष्ट्रीय प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन रक्षा उत्पादन विभाग करेगा। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ क्षेत्रीय औद्योगिक नीतियों, बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्रालय व राज्य-केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच समन्वय को सशक्त बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

#### सुव्यवस्थित होगी आयात-निर्यात प्रक्रिया

मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन में डिफेंस एक्जिम पोर्टल का रक्षा मंत्री शुभारंभ करेंगें। जिसे मुख्य रूप से आयात और निर्यात प्राधिकरण जारी करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किया गया है। साथ ही देश के रक्षा उद्योगों की क्षमताओं, उत्पादों के डिजिटल सृजन (डिफेंस इस्टेब्लिशमेंटस एंड इंअरप्रेन्योरस प्लेटफार्म) पोर्टल की भी शुरुआत की जाएगी। दो प्रमुख प्रकाशनों एयरोस्पेस एंड डिफेंस सेक्टर पालिसी कंपेंडीयम ऑफ स्टेट्स एंड यूनियन टेरेटरीज और आईडीईएक्स कॉफी टेबल बुक शेयर्ड हॉरिजंस ऑफ इनोवेशन का भी विमोचन किया जाएगा।

### सभापति पद संभालने के बाद दलों के नेताओं के साथ पहली बैठक

**बैठक शाम 4 बजे संसद भवन में, सदन के सुचारू संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा**

## राज्यसभा के नए सभापति राधाकृष्णन के सामने सदन चलाने की चुनौती, सर्वदलीय बैठक आज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के नवनियुक्त सभापति सी.पी. राधाकृष्णन आज मंगलवार को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी दलों के नेताओं की एक अहम बैठक करेंगे।

यह बैठक शाम 4 बजे संसद भवन में होगी और इसे सदन के सुचारू संचालन और व्यवस्थित कार्यवाही सुनिश्चित करने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। यह बैठक इसलिए



भी खास है क्योंकि सभापति पद संभालने के बाद राधाकृष्णन की यह दलों के नेताओं के साथ पहली औपचारिक बैठक होगी। इस बैठक का उद्देश्य सदन में सुचारू एवं संरचित चर्चा, बिना व्यवधान के कार्यवाही और बहस की गुणवत्ता और समय के अधिकतम उपयोग को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के विचार और सुझाव प्राप्त करना है। बैठक में केंद्र सरकार की ओर से कई वरिष्ठ मंत्री शामिल होंगे, जिनमें जगत प्रकाश नड्डा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, रसायन एवं उर्वरक मंत्री और सदन के नेता, किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, अर्जुन राम मेघवाल, कानून एवं न्याय मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रमुख हैं।

इसके अलावा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व प्रधानमंत्री तथा राज्यसभा सदस्य एच.डी. देवेगौड़ा को भी आमंत्रित किया गया है। लगभग सभी दलों के नेताओं ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि कर दी है। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार, बैठक का मुख्य एजेंडा सदन के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक कदमों और सुधारों पर विचार-विमर्श करना होगा। सभापति राधाकृष्णन इस अवसर पर सभी दलों से यह जानने का प्रयास करेंगे कि किस प्रकार सदन में बाधारहित कार्यवाही, गुणवत्तापूर्ण बहस और जनहित से जुड़े मुद्दों पर अधिकतम चर्चा सुनिश्चित की जा सकती है।

राज्यसभा में पिछले कुछ सत्रों के दौरान ▶▶ शेष पेज 5 पर

# शराब के नशे में मोबाइल खोया, पत्नी के डर से झपटमारी की गढ़ी कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में शराब के नशे में मोबाइल फोन खोने के बाद एक शख्स को पत्नी का खौफ सताने लगा। उसने अपनी गलती पर पर्दा डालने के लिये फोन छीने जाने की झूठी शिकायत पुलिस को कर दी। मामले की जांच और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपी के झूठ का खुलासा हुआ।

डीसीपी बाहरी जिला सचिन शर्मा के अनुसार 31 अगस्त को नांगलोई थाने में राजेंद्र पार्क एक्सटेंशन स्थित अग्रवाल टेंट हाउस के पास हुई झपटमारी की एक घटना की सूचना मिली। फोन करने वाले अशोक कौशिक ने आरोप लगाया कि मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति उनका मोबाइल फोन छीनकर भाग गया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के समय कौशिक शराब के नशे में दिखाई दे रहा था। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की और जांच शुरू की गयी। आसपास के कई सीसीटीवी की फुटेज खंगाली गई, लेकिन छीनाझपटी की कोई घटना नहीं देखी गई। फुटेज खंगालने के दौरान सबर सिंह नाम के एक स्थानीय व्यक्ति का पता लगाया गया और उससे पूछताछ की गई। उसने बताया कि शिकायतकर्ता ने उससे फोन उधार मांगा था, लेकिन कौशिक के नशे में होने के कारण उसने मना कर दिया। थोड़ी बहस के बाद वह मौके से चला गया। फुटेज के सामने आने पर कौशिक ने स्वीकार किया कि शराब के नशे में अपना फोन खो देने के बाद और अपनी पत्नी के गुस्से से बचने के लिए उसने झपटमारी की कहानी गढ़ी थी। पुलिस ने बताया कि बाद में तीस हजारी अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उसका बयान दर्ज किया गया, जहां उसने कबूला की कि कोई झपटमारी नहीं हुई थी।

## खबर संक्षेप

### ट्रेडिंग स्कैम में शामिल दो ठग गुजरात से हुये गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए एक व्यक्ति से 11 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में गुजरात से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुजरात के साबरकांठा निवासी आरोपी जाबिर हुसैन (38) और माज अरोदिया (30) को विस्तृत तकनीकी जांच के बाद पकड़ा गया। इनके पास से दो मोबाइल फोन, तीन डेबिट कार्ड, एक पासबुक और एक चेक बुक जब्त की गई है। डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार यह मामला तब प्रकाश में आया जब दिल्ली के एक व्यक्ति ने 13 मई को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया गया कि ब्लिंक्समैक्स नामक एक फर्जी ट्रेडिंग एप में निवेश करने के लालच में आकर उसने 11.20 लाख रुपये गंवा दिए। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और साइबर पुलिस थाने की टीम द्वारा जांच शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने निवेशकों को लुभाने के लिए फर्जी ट्रेडिंग एप बनाए और सोशल मीडिया पर उनका प्रचार किया। पीड़ितों द्वारा पैसे जमा करने के बाद, यह पैसा आरोपी अपने सहयोगियों द्वारा नियंत्रित बैंक खातों में भेजे देते थे। इसके स्रोत को छिपाने के लिए गुजरात और महाराष्ट्र के कई खातों में पैसा जमा किया गया था। डीसीपी ने बताया कि विश्लेषण के दौरान वही संदिग्ध लोग और बैंक खाते फर्जी ट्रेडिंग एप धोखाधड़ी से संबंधित कम से कम तीन अन्य शिकायतों से जुड़े पाए गए, जो एक व्यापक अंतरराज्यीय साइबर नेटवर्क का संकेत देते हैं।

### महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे थे 20 लाख, पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** देशभर में डिजिटल अरेस्ट के जरिये मोटी रकम वसूलने वाले गिरोह के सरगना सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह ने एक महिला से लगभग 20 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था। एक आरोपी ने खुद को मुंबई पुलिस का डीसीपी बताकर इस ठगी को अंजाम दिया था। पुलिस को मिली शिकायतकर्ता ने कहा गया था कि आरोपी ने दावा किया था कि उनका आधार कार्ड कई आपराधिक गतिविधि से जुड़ा हुआ है। फिर वीडियो कॉल पर उन्हें 90,000 रुपये खाते में भेजने के लिए मजबूर किया। पीड़ित ने पुलिस को बताया था कि बाद में आरोपियों ने कथित तौर पर उनके नाम पर एक पर्सनल लोन लिया और उस पैसे को अपने खातों में ट्रांसफर कर लिया। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के नोएडा में छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### हिंमाशु भाऊ गैंग के 10 बदमाशों के खिलाफ दर्ज की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की एनडीआर टीम ने गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ के नेतृत्व वाले क्राइम सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कुख्यात गिरोह के 10 सक्रिय सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किये जा चुके हैं। गिरोह के सरगना हिमांशु सहित दो और गैंगस्टरों को भगौड़ा घोषित किया गया है। फरार आरोपी हिमांशु और साहिल के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया गया है। उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया है। ज्वाइंट सीपी सुरेंद्र कुमार के अनुसार संगठित अपराध सिंडिकेट की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जारी अभियान में क्राइम ब्रांच ने विदेश में रहने वाले गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ के आपराधिक सिंडिकेट की गतिविधियों पर अंकुश लगाया है। इसके महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं, जिसमें 10 आरोपियों को कड़े मकोका कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है और 4 पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए हैं। पुलिस हिमांशु उर्फ भाऊ का पता लगाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है, जो कथित तौर पर अज्ञात विदेशी स्थानों से सिंडिकेट संचालित करता है।

## दो नाबालिगों को भी पकड़ा

# चाय की दुकान चलाने वाला मादक पदार्थ सप्लायर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस के नवगठित 'जगुआर' गश्ती दल ने मध्य दिल्ली में मादक पदार्थ के खिलाफ चलाये दो अभियानों में चाय की दुकान चलाने वाले एक मादक पदार्थ सप्लायर को गिरफ्तार किया। इसके अलावा दो नाबालिगों को भी पकड़ा। टीम ने करोल बाग इलाके में अलग-अलग अभियानों के तहत 3.718 किलोग्राम अफीम और 1.650 किलोग्राम का मादक पदार्थ गांजा बरामद किया।

पुलिस के अनुसार लाल किले से 16 सितंबर को इस पहल की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य मध्य और उत्तरी दिल्ली में त्वरित प्रतिक्रिया वाली मोटरसाइकिल टीमों की मदद से सड़कों पर पुलिस व्यवस्था को मजबूत करना है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वालसन के अनुसार पहले अभियान के दौरान पांच अक्टूबर को सुबह लगभग आठ बजे, जगुआर टीम करोल बाग के बीकानेर चौक के पास गश्त कर रही थी, तभी उसने एक संदिग्ध व्यक्ति को बैग ले जाते हुए देखा। तलाशी लेने पर उसके पास से 3.718 किलोग्राम अफीम मिली। पुलिस ने बताया कि मध्य प्रदेश के मंदसौर निवासी आदित्य लुहार (24) नामक व्यक्ति को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। वह चाय की दुकान चलाता है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी दल ने चार अक्टूबर को करोल बाग के पूसा रोड पर एक अन्य अभियान में स्कूटर सवार दो किशोरों को रोका। पुलिस ने बताया कि उन्हें रोककर तलाशी ली गई, जिसके बाद उनके पास से 1.650 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पटेल नगर में रहने वाले दोनों 15 वर्षीय लड़कों को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है। करोल बाग पुलिस थाना में उनकी हिरासत के संबंध में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेंस में शामिल होने बारबाडोस पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता सोमवारको 68वें कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेंस (सीपीसी) 2025 में भाग लेने के लिए बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन पहुंचे। इस बात की जानकारी दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने सोमवार को दी है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार यह कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेंस 12 अक्टूबर 2025 तक चलेगा और इसका आयोजन कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है, जो 1911 में स्थापित विश्व की सबसे पुरानी संसदीय संस्थाओं में से एक है। इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय 'द कॉमनवेल्थ –ए ग्लोबल पार्टनर' है, जिसके अंतर्गत कॉमनवेल्थ के नौ क्षेत्रों की 180 से अधिक विधानसभाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुदृढ़ता, सतत विकास, लैंगिक समानता और समावेशी शासन को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।सम्मेलन के दौरान विश्व और विधायी महत्त्व के मुद्दों, जैसे लोकतंत्र, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल परिवर्तन, सुशासन और बहुपक्षवाद पर विभिन्न पूर्ण सत्रों और विषयगत कार्यशालाओं में प्रतिनिधियों द्वारा चर्चा की जाएगी। इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य संसदीय संस्थाओं की क्षमता को सुदृढ़ करना और सहयोगात्मक व जनकेंद्रित शासन की दिशा में कॉमनवेल्थ की साझा प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करना है। विजेंद्र गुप्ता सम्मेलन के दौरान तीन प्रमुख कार्यशालाओं में अपने विचार व्यक्त करेंगे जिनमें 'लोकतंत्र के समर्थन हेतु हमारी संस्थाओं को सशक्त करना',जलवायु परिवर्तन और वैश्विक स्वास्थ्य पर उसका प्रभावः सतत समाधान की खोज तथा राष्ट्रीय संसदें बनाम प्रांतीय एवं स्वायत्त विधानसभा, और इनकी शक्तियों के संतुलन की रक्षा शामिल है। सम्मेलन के अंतर्गत कॉमनवेल्थ वुमन पार्लियामेंटेरियंस (सीडब्लूपी) तथा कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटेरियंस विथ डिसएबिलिटीज़ (सीपीडब्ल्यूडी) के सत्र भी आयोजित किए जाएंगे , जिनमें पारदर्शिता, जलवायु परिवर्तन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में विधानसभाओं की भूमिका जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन का समापन सीपीए जनरल असेंबली और पार्लियामेंटेरियन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स के साथ होगा जिनमें लोकतांत्रिक नेतृत्व और संसदीय नवीनताओं के उत्कृष्ट योगदानों को सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (सीपीए) एक वैश्विक संसदीय संगठन है जो लिंग, जाति, धर्म या संस्कृति के भेदभाव से परे सभी संसदीय सदस्यों को एक साझा मंच प्रदान करता है।

## डीजेबी द्वारा जरूरी मरम्मत के चलते कई क्षेत्रों में रहेगी पेयजल आपूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा आवश्यक मरम्मत के चलते दिल्ली के कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। इस बारे में डीजेबी ने बताया कि प्रीतमपुरा क्षेत्र में आवश्यक कार्य के चलते कई क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। इनमें मधुबन चौक, शिव मार्केट, दीपाली चौक, बग्गा लिंक (रिंग रोड) पर नवनिर्मित 700 मिमी और 800 मिमी व्यास वाली जल मुख्य लाइनों के इंटरकनेक्शन कार्य व सैनिक विहार ओएचटी और पुष्पांजलि ओएचटी पर कनेक्शन 8 – 9 अक्टूबर 2025 को पानी की आपूर्ति उपलब्ध नहीं होगी या बेहद कम दबाव पर होगी। डीजेबी के अनुसार जलापूर्ति बाधित वाले क्षेत्रों में सरस्वती विहार, शारदा निकेतन, सैनिक विहार, हर्ष विहार, लोक विहार, पश्चिम विहार, आंशिक पीतमपुरा, अशोक विहार फेज वन, टू और थ्री, त्रिनगर, रामपुरा, लारेंस रोड, निमड़ी कॉलोनी, भारत नगर और लॉरेंस रोड बूस्टर पंपिंग स्टेशन का कमांड क्षेत्र शामिल है। डीजेबी ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि वे अपने उपयोग के लिए पहले ही पर्याप्त पानी का भंडारण करें। हालांकि आपातकाल के लिए उपभोक्ता निशुल्क पानी का टैंकर मंगवा सकते है। इसके लिए संबंधित उपभोक्ता केंद्रीय नियंत्रण कक्ष या स्थानीय डीजेबी कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

# भाजपा नाले में बहे ऑटो चालक को दे 10 लाख रुपए मुआवजा : कुलदीप कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा सरकार से पिछले सप्ताह महरौली में बारिश के बाद पानी के तेज बहाव में नाले में बह गए ऑटो चालक के परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। आप के वरिष्ठ नेता व विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा ने चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में ऑटो चालकों को 10 लाख रुपए का इंश्योरेंस देने का वादा किया था। आठ महीने बाद भी भाजपा ने दिल्लीवालों से किया अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया है। छह दिन पहले ऑटो चालक नाले में बह गया था और अभी तक भाजपा सरकार उसका शव तक ढूंढ नहीं पाई है। पूरी सरकार केवल नौटंकी में व्यस्त है। मृतक के परिवार से मुख्यमंत्री या मंत्री अभी तक मिलने नहीं गए हैं। प्रेसवार्ता में सोमवार को कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा की दिल्ली में सरकार बने करीब 8 महीने हो गए। लेकिन अभी तक भाजपा ने दिल्ली चुनाव के दौरान जनता से किए किए गए अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। भाजपा झूठे वादे करके सत्ता में आई है। दिल्ली में भाजपा के चारों इंजन फेल हो चुके हैं। यह सरकार केवल फोटोशूट और रील्स बनाने तक सीमित है। इनके पर दिल्ली के विकास का कोई एजेंडा नहीं है।

# कांग्रेस की मासिक ब्लॉक बैठकें हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ यादव ने वोट चोरी अभियान तेज करने को कहा

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अंतर्गत मासिक बैठकों के आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के दिशा निर्देशों के तहत वोट चोरी व डेंगू, मलेरिया को लेकर गंभीर मंत्रणा हुई। यादव के निर्देश पर सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को जोर शोर से वोट चोरी को लेकर अभियान तेज करने होंगे। जानकारी अनुसार यादव के नेतृत्व में दिल्ली में जगह जगह निकाली जा रही वोट चोरी अभियान यात्रा को और तेज करना है। इसके अलावा इन दिनों जल जनित बीमारियों डेंगू व मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को लेकर भी रेखा सरकार पर हल्ला बोलना है। ब्लॉक कांग्रेस स्थानीय लोगों को घर घर जाकर बताएं कि किस प्रकार भाजपा वोट चोरी की साजिश करती है। लोगों को समझाएं कि भाजपा की साजिश को रोकने के लिए कांग्रेस मैदान में है, पार्टी का समर्थन करें। इसी प्रकार डेंगू व मलेरिया के बढ़ते प्रकोप के लिए भाजपा की दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम जिम्मेदार है। लोगों को जागरूक करें कि अस्पतालों में डेंगू-मलेरिया सहित रेबीज व अन्य बीमारियों की दवाइयां तक उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में डॉक्टरों व अन्य स्टाफ की कमी के चलते लोगों को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। इसी प्रकार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में इलाज के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

# राजघाट से दिल्ली सचिवालय तक कल पैदल मार्च करेंगे एमटीएस कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ अपने परिवार के साथ मैदान में उतरेंगे 5 हजार कर्मचारी

दिल्ली सचिवालय पर 8 अक्टूबर 2025 को 5000 कर्मचारी अपने बीवी- बच्चों समेत सुबह करीब 11 बजे से राजघाट से सचिवालय तक पैदल मार्च करेंगे। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन ने सोमवार को आठवें दिन भी जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान यह ऐलान किया। यूनियन में महासचिव देवा नंद शर्मा ने बताया कि कल सभी डीबीसी / सीएफडब्ल्यु (एमटीएस) कर्मचारी अपनी मांग को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के पास तक जाकर अपनी न्याय की गुहार लगाएगें। बता दें कि 29 सितंबर 2025 से दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के डीबीसी / सीएफडबल्यु (एमटीएस) कर्मियों की चल रही अनिश्चितकाल हड़ताल 6 अक्टूबर 2025 को आठवें दिन भी लगातार रात - दिन जारी हैं। ये कर्मचारी अपने बच्चों की दो वक्त की रोटी के लिए निगम मुख्यालय पर न्याय की आशा में बैठे हुए है।

सोमवार को हड़ताल स्थल पर आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग, पूर्व महापौर महेश खींची, पूर्व उप महापौर रविंद्र भारद्वाज, पार्टी के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार के साथ ही 20 निगम पार्षद अपने अलग-अलग वार्डो से हड़ताल स्थल पर आए और सभी ने हड़ताल को समर्थन देने का वादा किया। बता दें कि सोमवार तक कोई समाधान न निकलने के कारण कर्मियों की हड़ताल लगातार जारी है।

### एमटीएस कर्मियों की ये तीनों मांगें हैं जायज : अंकुश

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि इन एमटीएस कर्मियों की ये तीनों मांगें जायज हैं। भाजपा सरकार की लापरवाही से दिल्ली की जनता डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी महामारियों का शिकार हो रही है। एमसीडी के मलेरिया-डेंगू विभाग में तैनात ये कर्मचारी घर-घर जाकर मच्छरों की रोकथाम, फॉगिंग, वाटर टैंक चेकिंग और छिड़काव का काम करते हैं। 25-30 साल से अपनी सेवा दे रहे हैं, फिर भी इनको समान वेतन नहीं मिल रहा। ये लोग बीमारी के बीच काम करते हैं, लेकिन मेडिकल लीव तक नहीं मिलती। अगर उनकी मौत हो जाती है, तो परिवार को नौकरी का हक नहीं है। उनकी ये मांगें पूरी तरह जायज हैं। आम आदमी पार्टी इनका समर्थन करती है, लेकिन दिल्ली की जनता का नुकसान न हो, इसके लिए तत्काल समाधान चाहिए।

### द्वारका में आज से स्वदेशी मेला शुरू

**नई दिल्ली।** स्वदेशी जागरण मंच एवं सीसीआरटी भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त उपक्रम के रूप में आयोजित स्वदेशी मेला आज से द्वारका में प्रारंभ हो रहा है। स्वदेशी मेला के मीडिया प्रभारी नीलेंद्र पाठक ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वदेशी मेला द्वारका के सेक्टर 7 के सीसीआरटी परिसर में 7 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 13 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष स्वदेशी मेले को लेकर लोगों में उत्साह उमंग और समृद्धि का माहौल है, मेले में लोग जमकर स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की खरीदारी के साथ-साथ स्वदेशी व्यंजन का भी आनंद लेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलीम पुत्र** नसरुद्दीन **निवासी:** E-37, A-97, संजय कैम्प, 27 ब्लॉक, त्रिलोकपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 43/2021 U/s 393 IPC. थानाः शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सलीम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सलीम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 43/2021 U/s 393 IPC. थानाः शकरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सलीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पी. भार्गव राव**
**जेएमएफसी-05, कमरा नं. 3**
**पूर्वी जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13366/ED/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राहुल** पुत्र श्री रवि, निवासी- बी-5ए, प्रथम तल, सीतापुरी एक्सटेंशन, पार्ट-1, डाबड़ी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 52/18 धारा 356/379/34 भा.द.स, थाना पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **राहुल, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 52/18 धारा 356/379/34 भा.द.स, थाना पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री भारती गर्ग**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02 (पश्चिम)
कक्ष संख्या 31
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/13094/OD/2025**

## महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# कलयुग में सिर्फ श्री राम नाम का ही सहाराः बांसुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भगवान वाल्मीकि श्री राम नाम के दाता हैं क्योंकि कलयुग में सिर्फ श्री राम नाम का ही सहारा है। अगर भगवान वाल्मीकि हमें राम नाम की कथा नहीं बताते तो हम कितने ही मार्मिक प्रसंगों से दूर रहते। प्रदेश भाजपा कार्यालय में भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने दिल्ली सरकार में मंत्री रवींद्र इंद्रराज के साथ पुष्पांजलि अर्पित करने के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि भगवान वाल्मीकि की पूजा अर्चना ना करने से हमारा कोई भी यज्ञ पूर्ण नहीं होता और यह वही वाल्मीकि है जिन्होंने माता सीता को आश्रय दिया था और नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में तो पांडव काल के समय का मंदिर हैं। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संजय निर्मल, मोर्चा कार्यालय प्रभारी प्रकाश तंवर, मोर्चा के प्रदेश मंत्री रुपेश मेहरा, अधिवक्ता लाजपत और मनोज आदि गणमान्य उपस्थित थे। यह कार्यक्रम दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मोहन लाल गिहारा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

### वाल्मीकि जयंती पर अवकाश का ऐलान : रवींद्र इंद्रराज

मंत्री रवींद्र इंद्रराज ने कहा कि दिल्ली में पहली बार वाल्मीकि जयंती पर अवकाश का ऐलान किया गया है। दिल्ली सरकार द्वारा 100 से ज़्यादा जगहों पर वाल्मीकि जयंती का आयोजन हो, उसके लिए आर्थिक सहायता भी दी गई है। भाजपा की सरकार सनातनियों की सरकार है इसलिए अब सभी त्योहारों को धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं, मोहन लाल गिहारा ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव के लिए दिए गए आर्थिक सहायता के लिए पूरा वाल्मीकि समाज सरकार का आभारी है।

## परंपरा और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन के लिए प्रतिबद्ध है दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

# 'दिल्ली सरकार दीपावली पर ग्रीन पटाखों की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट से करेगी आग्रह'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्लीवासियों की भावनाओं और दीपावली को लेकर लोगों के असीम प्रेम और आस्था का सम्मान करते हुए दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट से निवेदन करेगी कि दीपावली पर प्रमाणित ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति प्रदान की जाए। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दी है। मुख्यमंत्री के अनुसार हमारी सरकार का मानना है कि जनभावनाओं और पर्यावरण संरक्षण, दोनों के बीच संतुलन आवश्यक है।

इस पहल का उद्देश्य परंपराओं का सम्मान करते हुए प्रदूषण नियंत्रण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली को लेकर दिल्लीवालों में अलग ही उत्साह, उमंग और उल्लास नजर आता है। यह पर्व न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि दिल्ली की आर्थिक और सांस्कृतिक धड़कन का प्रतीक भी है। उन्होंने जानकारी दी कि इस पर्व को शानदार और वैभवपूर्ण बनाने के लिए दिल्ली वाले आतिशबाजी का खूब उपयोग करते रहे थे, लेकिन प्रदूषण व विभिन्न कारणों से इसे रोक दिया गया।

मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट से यह निवेदन करने जा रही है कि दीपावली पर्व पर प्रमाणित ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार पर्यावरण सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण के प्रति पूरी निष्ठा से प्रतिबद्ध है। सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया जाएगा कि दिल्ली सरकार न्यायालय के सभी दिशा-निर्देशों और मानकों का पूर्ण पालन करेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार दीपावली भारतीय सांस्कृति का सबसे बड़ा धार्मिक पर्व है, जो जनता की भावनाओं में गहराई से रचा-बसा है। उन्होंने कहा कि पिछले अनुभवों के आधार पर पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध से वांछित परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं। रोक के उपायों के बावजूद उल्लंघन जारी रहे, जिसका परिणाम यह रहा कि बेहद प्रदूषित पटाखे प्रयोग में लाए जाते हैं और दिल्ली का प्रदूषण बेहद गंभीर हो गया। इसलिए हमारी सरकार चाहती है कि दिल्ली में ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी ग्रीन पटाखे केवल अधिकृत संस्थाओं द्वारा निर्मित हों तथा सक्षम व संबंधित विभागों द्वारा प्रमाणित किए गए हों। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि दिल्लीवासी स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण में जगमगाती दीपावली को खुशियों व उमंगों से मनाएं।



### ग्रीन पटाखों की अनुमति से परंपरा, भावनाओं और छोटे व्यापारियों की उम्मीदों को मिलेगा नया संबल

मुख्यमंत्री का मानना है कि ग्रीन पटाखों की अनुमति से परंपरा, भावनाओं और छोटे व्यापारियों की उम्मीदों को नया संबल मिलेगा। दिल्ली की अर्थव्यवस्था और संस्कृति एकसाथ फले-फूलेगी और दिल्ली वाले वही पुराने वैभव के साथ इस त्योहार का आनंद ले पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोहराया कि दीपावली भारतीय संस्कृति का सबसे पवित्र और उल्लासपूर्ण पर्व है, जो अंधकार पर प्रकाश, अधर्म पर धर्म और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। यह पर्व न केवल हमारे धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता, परिवारिक सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का भी प्रतीक है। दिल्ली के करोड़ों लोगों की भावनाएं इस पर्व से गहराई से जुड़ी हैं। हमारी सरकार इन भावनाओं का सम्मान करती है और मानती है कि परंपराओं और पर्यावरण दोनों का संतुलन बनाए रखना समय की मांग है।

### पर्यावरण की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार पर्यावरण की रक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराती है और केंद्र सरकार तथा सुप्रीम कोर्ट के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन देती है, ताकि इस संबंध में जारी किसी भी निर्देश को लागू किया जा सके।

## रात के समय डार्क स्पॉट बन जाती हैं दिल्ली की कुछ सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित होने वाली 'सदन, स्थायी समिति' और जोनल स्तर पर आयोजित होने वाली 'वार्ड समिति' की बैठकों में पार्षदों ने बार-बार दिल्ली की सड़कों को डार्क स्पॉट से मुक्त कराने का मुद्दा उठाया है, लेकिन आज भी दिल्ली की अनेकों सड़कें अंधेरे में डूबी हुई हैं।

पार्षदों की आवाज़ें सदन की चारदीवारी में गूंजकर रह जाती हैं, जबकि ज़मीन पर हालात जस के तस बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार पिछले कई महीनों से पार्षद लगातार मांग कर रहे हैं कि दिल्ली देहात की सड़कों पर खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त किया जाए, ताकि महिलाओं, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों को रात में सुरक्षित आवाजाही मिल सके।

दिल्ली देहात के रानीखेड़ा से मुंडका अंडरपास मार्ग, नरेला और बवाना के कुछ क्षेत्र, दिल्ली के राजौरी गॉर्डन-पंजाबी बाग, जहांगीर पुरी, आजादपुर मंडी के पास जैसे क्षेत्रों में रात ढलते ही सड़कों पर अंधेरा छा जाता है।

### कागज़ों पर रोशनी, जमीन पर अंधेरा

एमसीडी और बिजली वितरण कंपनियों के बीच समन्वय की कमी के कारण स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का कार्य महीनों लटका रहता है। फाइलें विभागों के बीच घूमती रहती हैं, और जनता अंधेरे में चलने को मजबूर होती है। हैरानी की बात यह है कि 'डार्क स्पॉट मुक्त दिल्ली' का प्रस्ताव कई बार एमसीडी सदन में पारित किया गया, पर क्रियान्वयन कभी नहीं हुआ।

### अंधेरे में अपराध और हादसों का खतरा

डार्क स्पॉट वाली सड़कों पर अपराध और सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कई जगह महिलाओं और राहगीरों से लूटपाट की वारदातें हो चुकी हैं। वहीं, गड्ढों और बिना रोशनी वाली सड़कों पर वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि दिल्ली सरकार और एमसीडी के बीच जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। जनता को यह फर्क नहीं पड़ता कि रोशनी कौन लगाएगा-उसे तो सिर्फ सुरक्षित रास्ता चाहिए।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती के कई समारोह में शामिल हुईं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से समाज को आदर्शों, मर्यादा और मानवीयता का मार्ग दिखाया। उनका जीवन इस बात का प्रतीक है कि समाज का हर वर्ग बिना किसी भेदभाव के एक साथ आगे बढ़े और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिले। यह विचार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर तीन प्रमुख कार्यक्रमों में भागीदारी के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्धेश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है ताकि कोई भी नागरिक पीछे न रह जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की प्रगति तभी संभव है जब हर वर्ग का उत्थान समान रूप से होगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के कन्वेंशन सेंटर व शालीमार बाग हैदरपुर क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि जयंती से जुड़े तीन बड़े कार्यक्रमों में शिरकत की और लोगों के उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

### राजधानी में आंधी के साथ झमाझम बरसे बादल

**नई दिल्ली।** मानसून बाद बारिश ने एक बार फिर दिल्ली में रविवार देर रात आंधी के साथ दस्तक दी, जो सोमवार दिन में रह रहकर होती रही। देर रात के बाद दिन में हुई बारिश ने दिल्ली वालों को उमस से राहत दी है। बारिश के असर से अधिकतम तापमान में 7 डिग्री की भारी गिरावट दर्ज हुई है। बारिश को लेकर आईएमडी ने पहले ही येलो अलर्ट जारी किया था। इस बारे में प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने बताया कि पूर्व अनुमान के तहत रविवार देर रात से दिल्ली में झमाझम बारिश दर्ज हुई। बारिश के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री की भारी गिरावट के साथ 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.4 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी के अनुसार सोमवार शाम साढ़े पांच बजे तक सफदरजंग वेधशाला ने 3.4 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि मयूर विहार में सबसे अधिक 5 मिमी पानी बरसा। वहीं पालम में 3.2 मिमी, लोधी रोड 3.7 मिमी, रिज एरिया 1.0 मिमी, आया नगर 3.6 मिमी, राजघाट 0.4 मिमी और पूसा में 1.0 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी ने ताजा अनुमान व्यक्त करते हुए कहा कि मंगलवार को आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। कई स्थानों पर गरज व बिजली चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा के एक या दो दौर देखने को मिल सकते है।

### डेंगू के 840, मलेरिया के 431 मामले आए सामने

सोमवार को एमसीडी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 4 अक्टूबर तक डेंगू के 840, मलेरिया के 431 और चिकनगुनिया के 75 मामले सामने आ चुके हैं। पिछले एक सप्ताह में ही डेंगू के 81, मलेरिया के 60, और चिकनगुनिया के 14 मामले सामने आ चुके हैं। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता और दिल्ली नगर निगम में वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने दिल्ली में लगातार बढ़ रहे डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए यह जानकारी दी। गोयल ने कहा कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एमटीएस कर्मियों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करके तुरंत कोई हल निकाला जाना चाहिए। ताकि मच्छर एवं जल जनित बीमारियों के बढ़ने पर तुरंत अंकुश लगाया जा सके।

## बोतल बंद पानी और दुकानों पर बिकने वाली मिठाई की गहनता से की जाए जांच : डॉ. पंकज



- त्योहारों के मद्देनजर दिल्ली सरकार का मिलावटखोरों पर शिकंजा, पनीर, खोया, मसाले और कच्चे मांस समेत 150 से अधिक खाद्य पदार्थ के नमूने किए गए एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

त्योहारों के मद्देनजर मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग टीमें छापेमारी कर रही हैं। इसी बीच सोमवार को एक समीक्षा बैठक में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने अधिकारियों को बोतल बंद पानी और दुकानों पर बिकने वाली मिठाई की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि त्योहारी सीजन को देखते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने आज खाद्य सुरक्षा विभाग, दिल्ली सरकार के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि त्योहारों के दौरान बिकने वाले पनीर, खोया, मिठाई, मसाले समेत सभी खाद्य पदार्थ सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों पर पूरी तरह खरा उतरें। मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने अधिकारियों से कहा कि बाजार में पानी के कई मिलावटी ब्रांड सक्रिय हैं, इसलिए सभी ब्रांड्स की बोतल बंद पानी की भी गहनता से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्रांड को खाद्य सुरक्षा मानक एवं गुणवत्ता प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य है। वहीं डॉ. पंकज ने अधिकारियों से कहा कि एक ही नाम से चल रही ब्रांडेड मिठाई दुकानों की चेन का भी बारीकी से निरीक्षण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि दुकानों में बिक रहे सभी खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप हो और अपने सभी आउटलेट्स पर गुणवत्ता के मानकों को एक समान रूप से बनाए रखें। मंत्री डॉ. पंकज को अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि पूरी दिल्ली में जमीनी स्तर पर निरीक्षण और छापेमारी अभियान सख्ती से चलाया जा रहा है, जिसमें दिल्ली पुलिस का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। संयुक्त निरीक्षण और प्रवर्तन की कार्रवाई में पुलिस टीमें भी त्वरित कार्रवाई करने में जुटी हैं।



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**फरीदाबाद।** दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई।



सूचना मिलने पर मौके पर राजकीय रेलवे पुलिस पहुंची और शवों को बादशाह खान अस्पताल में पहचान के लिए रखा गया। परिजन आने के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जांच अधिकारी संजय कुमार के अनुसार, दोपहर में करीब 25-30 वर्षीय युवक सराय रेलवे फाटक के पास गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस की चपेट में आ गया।

### जूते की दुकान में झगड़े के दौरान कर्मचारी की मौत

**फरीदाबाद।** एनआईटी एक मार्केट



में स्थित एक जूतों की दुकान में काम करने वाले कर्मचारी केवल किशन की अपने साथी कर्मचारी प्रशांत के साथ हुए झगड़े के दौरान सीढ़ियो से गिरने से मौत हो गई। घटना रविवार रात को हुई, जब दोनों बेसमेंट में गोदाम में माल उतार रहे थे। केवल किशन ने प्रशांत पर जूते का डिब्बा फेंका, जो सीधे प्रशांत के मुंह पर लगा। इसके बाद दोनों के बीच झगड़ा बढ़ गया। झगड़े के दौरान केवल किशन सीढ़ियो से गिर गया।

### नाले में मिला लापता युवक का शव

**फरीदाबाद।** मच्छगर गांव के 45




वर्षीय प्रेमपाल का शव इंडियन ऑयल के पीछे नाले में पड़ा मिला। वह दो दोस्तों हर्ष और हनीश के साथ घर से निकले थे और 1 अक्टूबर से लापता थे। पुलिस ने हत्या के शक में दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार प्रेमपाल के परिवार ने 3 अक्टूबर को थाना सदर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रेमपाल खेती-बाड़ी का काम करते थे और उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। जांच में पता चला कि 1 अक्टूबर की रात प्रेमपाल अपने दोस्तों के साथ बाइक पर निकले थे ।

# को-ऑप्टेड मेंबर बनाए जाने पर एडवोकेट हरीश पाराशर का स्वागत

## सीट नंबर 33 पर स्वागत एवं लड्डु वितरण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एडवोकेट हरीश पाराशर को बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा की एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी में को-ऑप्टेड मेंबर बनाए जाने के उपलक्ष्य में सोमवार को फरीदाबाद कोर्ट के साउथ विंग स्थित सीट नंबर 33 पर स्वागत एवं लड्डु वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने पहुंचकर हरीश पाराशर को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई वितरित कर हरीश पाराशर का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। उपस्थित मेंबर बार काउंसिल अजय चौधरी व राजेश लांबा ने कहा कि हरीश पाराशर के अनुभव और नेतृत्व से बार काउंसिल की कार्यप्रणाली को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने वकालत जगत में सदैव न्याय, निष्ठा और सेवा की भावना से कार्य किया है, जिससे युवा



अधिवक्ताओं को प्रेरणा मिलती है। इसलिए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, हरीश पाराशर ने भी दोनों वरिष्ठ अधिवक्ताओं का इस जिम्मेदारी को दिलाने के लिए विशेष आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से धर्म सिंह रावत, रामकरण भारद्वाज, अनुज शर्मा, अनिल पाराशर जिला पार्षद, सर्वेश कौशिक, दिनेश तोमर, बॉबी रावत, सुखबीर चंदिला, भीम चंदिला, विकास अधाना, अश्वनी त्रिखा, राजीव जतवानी, विक्रम अरुआ, सतबीर शर्मा, पवन पाराशर, सीपी पाराशर, ऋषि भारद्वाज, सचिन वत्स, दीपक वशिष्ठ, ओमदत्त शर्मा और अजय चौधरी सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी अधिवक्ताओं ने हरीश पाराशर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के हित में और अधिक सशक्त कार्य की उम्मीद जताई। वहीं, हरीश पाराशर ने उपस्थित सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे फरीदाबाद बार का है।

### इस अवसर गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे

इस मौके पर जोगिंदर नरवत, विवेक कौशिक, टीका डागर, ऋषि भारद्वाज, विजय भारद्वाज, हरजीत सिंह प्रताप, हेमराज कपासिया, मनमीत कौर, राहुल सेठी, हरवीर बैंसला, सतीश रावत, विपिन यादव, गौतम वत्स, प्रदीप चपराना, आशीष कौशिक और सुरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा फरीदाबाद के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचय बैठक हुई संपन्न

# ओबीसी वर्ग भारतीय समाज की एक मजबूत एवं महत्वपूर्ण कड़ी है : पंकज पूजन रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा फरीदाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक आज जिला कार्यालय अटल कमल भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष प्रवीण चौधरी भाखरी ने की। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पार्षद एवं जिला उपाध्यक्ष हरेन्द्र भडाना मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में 4 अक्टूबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, प्रदेश ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मदन चौहान और जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के निर्देशानुसार ओबीसी मोर्चा में जिला पदाधिकारियों की संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की गई थी, बैठक के दौरान उन सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का औपचारिक परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ओबीसी वर्ग भारतीय समाज की एक मजबूत एवं महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ग को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त करने का जो संकल्प लिया है।

### संगठनात्मक नियुक्तियां सिर्फ पद नहीं होतीं, बल्कि यह एक उत्तरदायित्व है: प्रवीण चौधरी



### यह लोग उपस्थित रहे

ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विनोद भाटी,कृष्ण कुमार, मालवती पांचाल, संदीप मावी, राजेश मीणा, दिगपाल रावत, अजब चन्दीला, जिला महामंत्री कोमल चौधरी, राकेश मौर्या, जिला सचिव अमित भड़ाना, गजेन्द्र, जगमोहन यादव, राजपाल गोला, जिला कोषाध्यक्ष हरिकिशन वर्मा, जिला कार्यालय सचिव जगन्नाथ शाह, जिला प्रवक्ता भगवान सिंह, जिला मिडिया प्रभारी रविन्द्र सैन, सोनू यादव, मन की बात जिला संयोजक जगदम्बा वर्मा औकार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ओबीसी मोर्चे के जिला अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठनात्मक नियुक्तियां सिर्फ पद नहीं होतीं, बल्कि यह एक उत्तरदायित्व और संकल्प होता हम सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से कार्य कर ओबीसी मोर्चा को जिले में नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ओबीसी मोर्चा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करना है। हम सबका लक्ष्य है कि भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाएं विशेष रूप से ओबीसी वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। उनका संकल्प है कि वे पार्टी के पुराने एवं नए कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन की नींव और अधिक मजबूत करेंगे। बैठक में शामिल सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार सांझा किए तथा पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह आश्वासन दिया।

## पर्यटन मंत्री मिश्रा ने कैश एम कश को सराहा

# महात्मा गांधी जैसे सत्याग्रह सिखाएगी फिल्म 'कैश एम कश': विजय गोयल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

एंटीमेटर फिल्म्स और इमेज़ इंटरनेशनल की बहुप्रतीक्षित सामाजिक थ्रिलर फिल्म 'कैश एम कश' का औपचारिक सफर एक भव्य कार्यक्रम के बीच टाइटल पोस्टर अनावरण के साथ शुरू हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी स्मृति एवं गांधी दर्शन के उपाध्यक्ष विजय गोयल व दिल्ली के कला, संस्कृति और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा अतिथि के रूप में मौजूद थे।

लॉन्च कार्यक्रम का मकसद फिल्म के संदेश और उसकी सामाजिक प्रासंगिकता को उजागर करना था। यह फिल्म आधुनिक समाज में बढ़ते भौतिक लालच के बीच महात्मा गांधी के सिद्धांतों की आलोचनात्मक पड़ताल करती है। इस अवसर पर विजय गोयल ने कहा कि लोग वास्तव में गांधी जी को नहीं समझे हैं। गांधी पर शोध होता है, संगोष्ठियां होती हैं उनके संग्रहालय और प्रदर्शनी होती हैं , लोग उनके बारे में बातें करेंगे, भाषण होंगे। लेकिन गांधी जी के मूल्यों का असली सार युवा पीढ़ी तक नहीं पहुंचा है। उन्होंने आगे बताया कि गांधी के सिद्धांतों का पालन करना कठिन नहीं है और यह हमें प्राचीन काल से ही सिखाए जा रहे हैं। गोयल ने कहा कि गांधी ने कुछ नया नहीं किया, लेकिन जो नया किया वह था त्याग और बलिदान। यही आज हमें सिखाया जाना चाहिए। अगर त्याग है, तो व्यक्ति इतना सांसारिक मोह नहीं करता। गोयल ने चरखे का ऐतिहासिक महत्व भी बताया और कहा कि जब कपड़ा मुख्य रूप से मैनचेस्टर से आयात होता था, तब हर घर में चरखा रखने का विचार था। उसके बाद चरखा आंदोलन और स्वदेशी का प्रतीक बन गया।

# भूपेंद्र हुड्डा अपनी सरकार की कारगुजारियां भूल नहीं पा रहे: मंत्री नागर

## खाद्य आपूर्ति मंत्री नागर ने खरीफ फसल की खरीद और एमएसपी पर दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जमकर तंज कसे।

उन्होंने हुड्डा द्वारा लगाए आरोपों पर बोला कि वो खुद की सरकारों की कारगुजारियां भुला नहीं पा रहे हैं। हुड्डा सरकारों में किसानों को कई-कई दिन लाइनों में लगना पड़ता था और दलाल किसानों को लूटते थे लेकिन हमारी सरकार में अन्नदाता की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। मंत्री राजेश नागर ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि अब तक



मंडियों में 13.68 लाख मेट्रिक टन धान की आवक हुई है जिसमें से अब तक 10 लाख मेट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है जिसमें से 5.65 लाख मैट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। नागर ने कहा कि प्रदेश में अब तक 81410 किसानों से धान की खरीद की जा चुकी है। सरकार ने किसानों की खरीदी फसल का अब तक 1014,19 करोड रुपए की राशि का भुगतान भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नायब सरकार किसानों की फसल को लेकर गंभीर है, जिसके चलते किसानों को फसल का उचित रेट सरकार की ओर से एमएसपी के माध्यम से दिया जा रहा है।

वहीं मंत्री राजेश नागर ने मौसम विभाग द्वारा दो दिन के बारिश अलर्ट पर कहा कि मंडियों के अंदर एक अधिकारी की 24 घंटे ड्यूटी होती है किसी प्रकार की कमी होने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी और सभी मंडियों के अंदर बारदाने की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं फिर भी कोई कमी होती है तो उस पर भी विशेष तौर पर ध्यान दिया जाएगा। मंत्री राजेश नागर ने कांग्रेस में गुटबाजी और खींचातानी पर कहा कि नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद गुटबाजी उभर कर सामने आ गई है। अहीरवाल के चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बनाना केवल आईवॉश है, इससे कांग्रेस की स्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा। जनता भाजपा की सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति पर विश्वास करती है। हमारा आज कोई विकल्प भी नहीं है क्योंकि भाजपा सरकार जनता की सरकार है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जयवीर शर्मा पुत्र** सत्यदेव **निवासी** जे–1/9, गली नं0–1, एजी–3 ब्लॉक, पुलिस साइट, 5वां पुस्ता सोनिया विहार, दिल्ली–94, ने **CT No. 23/17, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन भजनपुरा, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जयवीर शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जयवीर शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT No. 23/17, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन भजनपुरा, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जयवीर शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.11.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पंकज राय**
**DP/13429/NE/2025 (Court Matter)** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01, कमरा नं0–73, 5वां तल, उत्तर–पूर्व जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली


# पुलिस मुठभेड़ में वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, एक पुलिस की गोली से घायल

## बदमाशों से कब्जे से एक जिंदा कारतूस, 2 खोका कारतूस, 2 कार बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना लिंकरोड व थाना साहिबाबाद पुलिस ने रविवार की रात में दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह चार चार पहिया वाहनों की चोरी करता है।

बदमाशों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, चोरी की 02 कार, कार चोरी करने के उपकरण, 04 गाड़ियों की चाबियां व थाना लिंकरोड से चोरी गई आल्टो 800 से संबंधित कागजात तथा 02 नंबर प्लेट व फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुए हैं। डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि मुखबिर के जरिए मिली कि करीब दस दिन पहले थाना लिंक रोड क्षेत्र से अल्टो 800 गाड़ी को चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सक्रिय दो कार चोर औधोगिक क्षेत्र साईट



04 की तरफ से चोरी की दो गाड़ियों को लेकर सुरक्षित स्थान पर पार्क करने के लिए अपने साथियो के साथ आने वाले हैं तथा उनके पास अवैध असलाह भी है। सूचना पर पुलिस वाले सूर्य नगर रेलवे पुल के पास बैरियर लगाकर सघनता से चैकिंग करने लगे तभी कुछ देर बाद दो गाडी एक साथ आती हुई दिखाई दी। दोनों गाड़िया को रोकने का इशारा किया गया तो नही रुके तथा दोनों गाड़िया बैरियरों में टक्कर मारते हुए तेज गति से चौकी सूर्यनगर की ओर भागने लगे । पुलिस पार्टी ने पीछा किया तो पीछे वाली गाड़ी में मौजूद कार चालक ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने पीछा करते हुए राधा कुंज के पीछे रेलवे ग्राउंड कडकड माडल में जाकर पीछे वाली गाड़ी के चालक ने अपनी गाडी से उतरकर असलाह से पुलिस वालों की तरफ जान से मारने की नीयत से पुनः फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में बदमाश अनिल कुमार निवासी ग्राम जवाँ सिकन्दरपुर थाना जवाँ जिला अलीगढ़ घायल हो गया । उसके साथी अनिल उर्फ महाराज निवासी किराडी गांब (प्रेमनगर) सुल्तानपुरी नियर शिव मंदिर थाना अमन विहार नोर्थ वेस्ट दिल्ली को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### जेसी बोस विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बनाने की योजनाः कुलगुरु प्रो. राजीव कुमार

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने सोमवार को मीडिया संवाद कार्यक्रम में अपनी महत्वाकांक्षी योजना सांझा की। कुलगुरु प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। विश्वविद्यालय का लक्ष्य एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग में शीर्ष संस्थानों में स्थान हासिल करना और नैक ग्रेड व ए रेटिंग को बेहतर करना है। इसके लिए सभी पात्र तकनीकी पाठ्यक्रमों में एनबीए मान्यता और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व सतत प्रौद्योगिकी जैसे नए क्षेत्रों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। वर्तमान में विश्वविद्यालय के 15 शिक्षण विभागों और कम्युनिटी कॉलेज में 7,000 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं।

कुलगुरु ने बताया कि विश्वविद्यालय 600 छात्रों की क्षमता वाला आठ मंजिला लडक़ों का छात्रावास बनाएगा।

### राजनगर एक्सटेंशन में 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण में तेजी आ गई है। केडीपी गोलचक्कर से भट्ठा संख्या-5 होते हुए "हम-तुम रोड" तक जाने वाली 30 मीटर चौड़ी सड़क अब अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर है।

यह सड़क लगभग 3.40 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित है, जिसमें से 1200 मीटर का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि 700 मीटर हिस्से पर तेजी से कार्य जारी है।

परंतु उपाध्यक्ष अतुल वत्स के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप और नियमित समीक्षा बैठकों के फलस्वरूप आपसी सहमति बनी और कार्य फिर से शुरू कराया गया। वर्तमान में इस सड़क के साथ सीवर लाइन और नाली निर्माण कार्य भी समानांतर रूप से संचालित हैं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल कुमार पुत्र** शिव लाल **निवासी** ग्राउंड फ्लोर 87, गांव मुंडेला कलां, नई कॉलोनी के पास, नई दिल्ली–110073, ने **Ct. Cases. 550/2024, U/S 135 Indian Electricity Act, पुलिस स्टेशन जाफरपुर कलां, द्वारका जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Cases. 550/2024, U/S 135 Indian Electricity Act, पुलिस स्टेशन जाफरपुर कलां, द्वारका जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.11.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री हरलीन सिंह**
**अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, (दक्षिण–पश्चिम जिला) विशेष विद्युत न्यायालय, न्यायालय संख्या–609, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**
**DP/13133/DW/2025 (Court Matter)**


## सजाई जा रही हैं आंतरिक गलियां और प्रमुख स्थान

# दिवाली से पहले शहर में वृहद सफाई अभियान चला रहा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

समहापर्व दीपावली से पूर्व गाजियाबाद नगर निगम शहर की सफाई के साथ-साथ शहर के सौंदर्यकरण को भी बढ़ाने में लगा हुआ है। जिसके लिए आंतरिक वार्डों में भी वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। वहां इंटरलॉकिंग लगाकर स्थान को ऊंचा करके गमले तथा बेंच लगाई गई है तथा कूड़ा विलोपित स्थान बनाया गया है।

वार्ड संख्या 84 राजनगर, वार्ड संख्या 9 पटेल नगर मुकुंद नगर, वार्ड संख्या 4 विजयनगर, वार्ड संख्या 14 सेक्टर 9 विजय नगर, वार्ड संख्या 85 राजेंद्र नगर, वार्ड संख्या 88 गांधीनगर, वार्ड संख्या 83 श्याम पार्क मोहन नगर, वार्ड संख्या 9 शिब्बन पूरा, वार्ड संख्या 62 कवि नगर हरसाव में स्वास्थ्य विभाग ने अभियान के रूप में न केवल सफाई कराई गई बल्कि कूड़ा घर विलोपित किया। घरों के पीछे वाली गली को भी सजाते हुए पेंटिंग का इस्तेमाल किया गया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि प्रतिदिन घरों से निकलने वाले




कूड़े को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन एकत्र कर रहा है। शहर वासियों से अपने वार्ड के बाहर कहीं भी पूरा न डालने के लिए अपील की जा रही है जहां पूरा दिखाई दे रहा है वहां से गाजियाबाद नगर निगम कूड़ा हटाते हुए सौंदर्य करण का कार्य कर रहा है जो की सराहनीय है। इसी क्रम में वसुंधरा क्षेत्र के वार्ड संख्या 79 अभय खंड, वार्ड संख्या 81 शक्ति खंड, वार्ड संख्या 40 साहिबाबाद डिपो, वार्ड संख्या 79 न्याय खंड मकनपुर विस्तार की और भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

# गोली मारकर हत्या करने के मामले में पूर्व पार्षद समेत दो को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना सिहानी गेट क्षेत्र में 21 साल पहले बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव के भाई की गोली मारकर हत्या के मामले में अदालत ने पूर्व पार्षद समेत दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 35-35 हजार रुपए का अर्थदंड की किया है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता नवीन त्यागी के मुताबिक अशोक नगर निवासी नरेश यादव और उनका भतीजा जितेंद्र यादव 14 नवंबर 2004 को रामनगर स्थित अपने ऑफिस पर बैठे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोली चला दी। गोली लगने से घायल हुए नरेश यादव और जितेंद्र यादव को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने नरेश यादव को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई विजयपाल यादव ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पूर्व पार्षद मनीष पंडित उर्फ पप्पू और उसके साथी मनोज फौजी का नाम प्रकाश में आया था।

### शादी का कार्ड भेजकर पुजारी को लगाई 97 हजार की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाजों ने व्हाट्सएप पर शादी का कार्ड भेजकर पुजारी के बैंक खाते 96,999 रुपए निकाल लिए।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के विष्णु गार्डन निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह पूजा-पाठ का काम करता है। 4 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे उसे व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से शादी का कार्ड आया था। जब उसने मैसेज खोलने का प्रयास किया तो फाइल उसके मोबाइल में डाउनलोड हो गई।


## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

**संख्या 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025** **दिनांक: 06.10.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल **(https://ireps.gov.in/)** पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है।

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-43-2025 | दिनांक 22.10.2025 को 11:00 बजे | गुडगॉव (कार), करनाल (साइकिल–स्कूटर–मोटरसाइकिल–कार), सांपला (द्वितीय प्रवेश) टोहाना = कुल 04 साइटें |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहॉ ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | **https://ireps.gov.in/** |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता **4.** आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 **Email: pkg.delhidivision@gmail.com** Tel: 011-23743084 |

**3080/25** **वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी व बेटे आशीष समेत 3 पर केस

## खीरी कांड के गवाह को दी थी धमकी

एजेंसी ▶▶ लखीमपुर खीरी

यूपी के लखीमपुर खीरी में दो साल पुराने मामले में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी और बेटे आशीष समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तिकुनिया कांड में गवाह को गवाही से रोकने और उसे धमकाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने ये मुकदमा दर्ज किया है। गवाह ने इससे पहले थाने में कई बार टेनी और उसके बेटे और निघासन ब्लॉक प्रमुख पति अमनदीप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की थी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। मुकदमा दर्ज न होने पर गवाह ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया।

### गवाह डर गया और अपना घर छोड़कर ससुराल चला गया

**खास बातें**

- मुकदमा दर्ज न होने पर गवाह ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली
- लखीमपुर कोर्ट में 16 अक्टूबर 2023 में गवाही होनी थी
- आशीष के डर से पंजाब चला गया



पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव भैरमपुर निवासी बलजिंदर सिंह 2021 में हुए खीरी कांड का गवाह है। बलजिंदर सिंह की अर्जी के मुताबिक, उसकी लखीमपुर कोर्ट में 16 अक्टूबर 2023 में गवाही होनी थी। उसका आरोप है कि 15 अगस्त 2023 को निघासन ब्लाक प्रमुख पति अमनदीप सिंह उसके घर पहुंचे। आरोप है कि अमनदीप सिंह ने उसको गवाही बदलने के लिए कहा। पैसे का लालच दिया गया और धमकाया भी। बलजिंदर सिंह का कहना है कि वह डर गया और अपना घर छोड़कर ससुराल पतरासी थाना शारदानगर चला गया।

### गवाह को एक लाख रुपए का लालच भी दिया

अगली सुबह जब वह गवाही के लिए जा रहा था, अजय मिश्र टेनी के भेजे अमनदीप गवाह की ससुराल पहुंचे और उसको धमकाया। साथ ही एक लाख रुपए का लालच भी दिया। बलजिंदर सिंह का कहना है कि अमनदीप सिंह की धमकी, पूर्व मंत्री अजय मिश्र टेनी, उनके बेटे आशीष से डर से सारी जमीन ठेके पर देकर पंजाब चला गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गवाह बलजिंदर सिंह की तहरीर पर पढ़ुआ थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। मुकदमे में गवाह को धमकाने और गवाह प्रभावित करने की धाराएं लगाई गई हैं।

## खबर संक्षेप

### बीसीआई चुनावः नामांकन शुल्क में बढ़ोतरी



**रांची।** झारखंड बार कौंसिल चुनाव की तैयारी कर रहे वकील बार कौंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के ताजा आदेश से नाराज हैं। बीसीआई ने चुनाव नामांकन शुल्क में पांच गुना बढ़ोतरी करते हुए इसे 25 हजार रुपए से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपए कर दिया है। यह राशि वापस भी नहीं की जाएगी। आदेश जारी होते ही राज्यभर के वकीलों में नाराजगी और विरोध के स्वर तेज हो गए हैं।

### यूपी में चार आईपीएस अफसरों के तबादले




**लखनऊ।** यूपी में चार आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। रघुवीर लाल कानपुर के कमिश्नर बनाए गए हैं। पुलिस महानिदेशक, अभियोजन, उप्र लखनऊ के साथ-साथ पुलिस महानिदेशक, सीआईडी, उप्र, लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे दिपेश जुनेजा के पास अब सिर्फ पुलिस महानिदेशक, अभियोजन की जिम्मेदारी रह गई है।

### मैंने अपनी बहन का कत्ल कर दिया



**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक युवक ने सगी बहन की प्रेम संबंधों से नाराज होकर नहर में डुबोकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने खुद पुलिस को फोन कर बताया, 'मैंने अपनी बहन को मार दिया।' सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## संस्कृत महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, लैपटॉप वितरण

# सीएम योगी बोले- सबको सनातन धर्म की 'शरण' में आना ही होगा

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

**सीएम योगी सनातन को लेकर बड़ा बयान दिया है। बरेली हिंसा के बाद से सीएम योगी का कड़ा रुख देखने को मिल रहा है। वे सनातन की बात करते दिखे हैं**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक बार फिर सीएम योगी आदित्यनाथ सनातन धर्म की वकालत करते नजर आए। आई लव मुहम्मद विवाद के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार सनातन धर्म की वकालत करते दिख रहे हैं। दरअसल, सीएम योगी आदित्यनाथ श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी में छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, लैपटॉप एवं सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने संस्कृत भाषा और सनातन धर्म को लेकर कई प्रकार की बातें कहीं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शांति और सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करना है तो सभी को सनातन धर्म की ही शरण में आना पड़ेगा। सनातन धर्म का रास्ता शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। सीएम योगी का बयान कई मायने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बरेली में आई लव मुहम्मद विवाद पर हिंसा के बाद से ही सीएम योगी लगातार हमलावर रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

*संस्कृत के माध्यम से छात्रों को बनाया जा रहा स्वावलंबन*

*संस्कृत ही शांति और सौहाद्र का मार्ग सुझा सकती है*

### महर्षि वाल्मीकि ने दुनिया का पहला महाकाव्य संस्कृत में रचा



महर्षि वाल्मीकि जयंती का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने दुनिया का पहला महाकाव्य संस्कृत में रचा था। रामायण की रचना की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया की सबसे प्राचीनतम ज्ञान की धरोहर अगर कहीं पर सुरक्षित है तो वह संस्कृत में सुरक्षित है। यह केवल विज्ञान की नहीं, यह दिव्य ज्ञान की भाषा है। दिव्य ज्ञान के लिए दिव्य चक्षु भी चाहिए। इसमें भौतिक तत्व कम, आध्यात्मिक दृष्टि और आध्यात्मिक भाव भी चाहिए।

### संस्कृत के माध्यम से स्वावलंबन बनना सुखद

सीएम योगी ने कहा कि संस्कृत के भाव में जो भी गोता लगाएगा, वह संस्कृत के प्रति भी आग्रही बनेगा। वह लोक कल्याण और विश्व कल्याण का माध्यम बनेगा। वेद और व्याख्यान के लिए इन बच्चों को तैयार कर, आगे बढ़ाकर जीवन पथ पर अग्रसर कर समाज नींव को मजबूत किया जा रहा है। संस्कृत के माध्यम से बालक-बालिकाओं को स्वावलंबन के मार्ग पर अग्रसर करने का कार्य किया जा रहा है। यह सुखद है।

### श्री अन्नपूर्णा मठ के कार्यों की प्रशंसा की

*सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्री अन्नपूर्णा मठ के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार इस प्रकार के कार्यों को आगे बढ़ने के लिए भरपूर सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि संस्कृत ही शांति और सौहाद्र का मार्ग सुझा सकती है। उन्होंने कहा कि दुनिया को अगर शांति और सौहाद्र का मार्ग प्रशस्त करना है तो सनातन धर्म की ही शरण में सबको आना पड़ेगा सनातन धर्म ही उनके लोक मंगल और लोक कल्याण का माध्यम बन सकता है।*

## हर बिहारी बनेगा मुख्यमंत्री

# तेजस्वी ने सीएम का मतलब समझाया बोले- 14 नवंबर को बदलेगी सूरत



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित होने पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज केवल चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुआ बल्कि बिहार के उत्सव की शुरुआत हुई है, ये उत्सव रुकना नहीं चाहिए, दिवाली, छठ पूजा के बाद ख़त्म होगा। 20 साल बाद ऐसा महात्यौहार आयेगा जो समस्त दुख तकलीफ़ों का हरण करेगा, उस दिन हर बिहारवासी तेजस्वी के साथ जीत का वरण करेगा, क्यूंकि उस दिन हर बिहारवासी बिहार का सीएम बनेगा यानी चेंज मेकर बनेगा यानि नए बिहार का भाग्यविधाता।

### शेर की तरह दहाड़ने वाला मुख्यमंत्री चाहिए

तेजस्वी ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने होश में नहीं हैं। हमें गिड़गिड़ाने वाला मुख्यमंत्री नहीं, शेर की तरह दहाड़ने वाला मुख्यमंत्री चाहिए। कोई ऐसा जो बिहार की जनता के अधिकारों के लिए लड़ सके और उन्हें न्याय दिला सके, महागठबंधन सरकार बनाएगा। उन्होने कहा कि 14 नवंबर की तारीख इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। वो इस बार महागठबंधन की सरकार चाहती है।

### एनडीए से तंग आ चुकी है बिहार की जनता

*नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 20 साल तक उन्होंने (एनडीए) राज्य को अपराध, भ्रष्टाचार, नौकरशाही, अत्याचार और घोटाले दिए। बिहार की जनता अब इन सबसे तंग आ चुकी है। आज से एक उत्सव शुरू हो रहा है। तेजस्वी के साथ इस बार हर बिहारी मुख्यमंत्री होगा। समय आएगा, वे मुख्यमंत्री बनेंगे यानि परिवर्तन निर्माता।*

काशी में सीएम योगी ने की सफाईमित्रों पर की पुष्पवर्षा, बोले-

# जल्द ही अकाउंट में आएंगे 16 से 20 हजार रुपए

**वाराणसी।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाईकर्मियों को लेकर सोमवार को बड़ी घोषणा कर दी। वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर सीएम योगी ने कहा कि कोई भी सफाईकर्मियों का शोषण नहीं कर पाएगा और जल्द ही उनके खाते में 16 से 20 हजार रुपए भेजे जाएंगे। योगी सोमवार को यहां पिपलानी कटरा में 'स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह' में शामिल हुए। उन्होंने 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान करने वाले स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया और स्वच्छता किट वितरित किया। योगी ने सफाईमित्रों पर पुष्पवर्षा भी की। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। योगी ने कहा, 'भगवान वाल्मीकि भारत की ऋषि परंपरा, सनातन धर्म के भाग्य विधाता हैं। वह हम सभी के रोम-रोम और श्वांस-श्वांस में भगवान राम का वास कराने वाले त्रिकालदर्शी ऋषि भी हैं।' उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि दुनिया के पहले सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य को रचने वाले आदिकवि भी हैं। योगी ने कहा कि कुछ ही दिनों के अंदर स्वच्छताकर्मियों के बैंक खातों में सीधे 16 से 20 हजार रुपये भेजे जाएंगे और कोई उनका शोषण नहीं कर पाएगा।

## पेज एक का शेष....

### मुख्य न्यायाधीश पर...

भी कमजोर करता है। धार्मिक आस्था के मुद्दों पर असहमति जताने के लोकतांत्रिक मार्ग उपलब्ध हैं, हिंसक व्यवहार उसका समाधान नहीं हो सकता।

### भाजपा अध्यक्ष जेपी...

होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी। इसको लेकर राजनीतिक दलों की ओर से प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा आज बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा का मैं स्वागत करता हूँ। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है। यह देश व प्रदेश को विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर रखने का प्रमुख माध्यम है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए सरकार जनकल्याण और सुशासन का पर्याय बनी है। बिहार का यह चुनाव प्रदेश को विकास के रास्ते पर अनवरत ले जाने, घुसपैठिया मुक्त करने और जंगलराज को फिर से आने से रोकने का चुनाव है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि लोकतंत्र की जननी बिहार की पुण्यधरा की जनता इन विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए को अपना आशीर्वाद और प्रचंड मतों से समर्थन प्रदान करेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा 'चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए समस्त बिहारवासियों को बधाई। मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास और सुशासन की नई दिशा दी है। आज बिहार, गरीब कल्याण के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा हर क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि बिहार की जनता इस बार भी विकास की राजनीति को चुनेगी।' केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, कि मेरा मानना है कि दो तिहाई से अधिक वोटों के साथ एनडीए सरकार का गठन निश्चित है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि लोकतंत्र की जननी वैशाली, बिहार की इसी पावन धरती पर विराजमान है। बिहार के लोग अपने राजनीतिक ज्ञान के लिए जाने जाते हैं। 1990 से 2005 तक जंगलराज में बूथ लूट होती थी, मतदाताओं को धमकाया और रोका जाता था। अब बिहार में ऐसा नहीं होगा। लोगों ने बिहार में विपक्षी दलों के सफाए की तारीख तय कर दी है।

### हरियाणा ने जापान ...

ऑटो पार्ट्स और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में जापान और हरियाणा के बीच परस्पर सहयोग से व्यापारिक गतिविधियों के काफी फायदा मिलेगा।

### मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड....

किया जा चुका है। मैरी ई. ब्रुनको (जन्म 1961) ने अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की और वर्तमान में सिएटल स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। फ्रेड रैम्सडेल (जन्म 1960) ने 1987 में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की और वर्तमान में सैन फ्रांसिस्को स्थित सोनोमा बायोथेरेप्यूटिक्स में वैज्ञानिक सलाहकार हैं। शिमोन साकागुची (जन्म 1951) ने 1976 में एमडी और 1983 में क्योटो विश्वविद्यालय, जापान से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। वे ओसाका विश्वविद्यालय के इम्यूनोलॉजी फ्रंटियर रिसर्च सेंटर में विशिष्ट प्रोफेसर हैं।

### जिला कलेक्टरों के ...

का उद्देश्य भूमि स्वामित्व में अस्पष्टता समाप्त करने, संपत्ति कराधान को सुव्यवस्थित करने और भविष्य की शहरी नियोजन एवं शासन व्यवस्था की नींव को मज़बूत करना है। यह पहल 'एक राष्ट्र, एक भूमि अभिलेख' की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है, जिससे प्रत्येक शहरी भूखंड का डिजिटल मानचित्रण और प्रमाणीकरण सुनिश्चित होगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव श्री मनोज जोशी ने मुख्य भाषण दिया और पारदर्शी, अद्यतन तथा सुलभ शहरी भूमि अभिलेखों को सुनिश्चित करने में कार्यक्रम की परिवर्तनकारी क्षमता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रमुख संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्र शामिल हैं। वक्ताओं में भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अपर महासर्वेक्षक एस. के. सिन्हा शामिल हैं। मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) और राष्ट्रीय भू-सूचना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईजीएसटी), हैदराबाद के अधिकारी भी अपनी तकनीकी विशेषज्ञता साझा करेंगे।

### इस सप्ताह 9 ....

रक्षा मंत्री सिंह की यह पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा होगी। जो एक ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर हो रही है। जब दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी (सीएसपी) के पांच साल पूरा होने का जश्न मना रहे हैं। यहां बता दें कि इस साल जून महीने में ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने भारत की यात्रा की थी। जिसमें उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात की थी। इसके अलावा मार्लेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी शिष्टाचार भेंट की थी। **यूं मजबूत हुई दोनों देशों की साझेदारी:** भारत-ऑस्ट्रेलिया के रक्षा संबंधों में समय के साथ विस्तार हुआ है। जिसमें दोनों सेनाओं के बीच व्यापक संवाद, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय दौरे, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण कार्यक्रम, समुद्री क्षेत्र में सहयोग, जहाजों के दौरे और द्विपक्षीय अभ्यास मुख्य रूप से शामिल हैं। दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को वर्ष 2009 में रणनीतिक साझेदारी से आगे बढ़ाकर 2020 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी में तब्दील कर दिया था। दोनों पक्षों के बीच गहरा नाता है। जिसका मूल आधार साझा मूल्यों, बहुलवादी, वेस्टमिंस्टर शैली के लोकतंत्र, राष्ट्रमंडल परंपराओं, बढ़ती आर्थिक सहभागिता और उच्च-स्तरीय संवाद है। भारत-ऑस्ट्रेलियाई लोगों के बीच लंबे समय से गहरे संबंध बने हुए हैं। वहीं, साझेदारी को मजबूती प्रदान में ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों की उपस्थिति के साथ मजबूत पर्यटन और खेल संबंधों ने काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### राज्यसभा के नए ....

लगातार हो रहे व्यवधान और गतिरोध को देखते हुए यह बैठक विशेष महत्व रखती है। सभापति की पहल को राजनीतिक विश्लेषक संसदीय परंपराओं को सशक्त बनाने और सरकार-विपक्ष के बीच संवाद को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम मान रहे हैं।

यह भी उम्मीद की जा रही है कि इस बैठक में ऐसी ठोस रणनीतियों पर चर्चा होगी, जिससे आने वाले सत्रों में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक उत्पादक, अर्थपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके।

## ईडी ने फिर भेजा नोटिस

# सस्पेंड आईएएस अभिषेक के करीबी निकांत जैन से होगी फिर से पूछताछ

एजेंसी ▶▶ लखनऊ




ईडी ने निलम्बित आईएएस अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन को फिर से नोटिस भेजा है। जमानत पर बाहर आने के बाद से उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। ईडी को उससे कई सवालों के जवाब लेने हैं। ईडी के छापे में उसे जमानत मिलने का पता चला था। ईडी निकांत के भाई सुकांत जैन की सम्पत्ति का ब्योरा भी जुटा रही है। जल्दी ही इस मामले में एक और कार्रवाई करने का दावा किया जा रहा है। सोलर संयत्र लगाने के लिए यूपी आई कम्पनी के प्रतिनिधि विश्वजीत ने 20 मार्च को गोमतीनगर में निकांत जैन के खिलाफ आईएएस के कहने पर कमीशन मांगे जाने की एफआईआर दर्ज कराई थी।

बयान में उसने आरोप लगाया था कि इन्वेस्ट यूपी के तत्कालीन सीईओ अभिषेक प्रकाश के कहने पर निकांत ने रिश्वत मांगी। एफआईआर दर्ज होने के बाद ही निकांत को गिरफ्तार कर लिया गया था। सात अगस्त को ईडी ने निकांत जैन के पांच ठिकानों पर छापा मारा तब पता चला था कि निकांत जैन जमानत पर बाहर आ चुका है। इस बारे में किसी को पता तक नहीं चला था। इस पर ही ईडी ने निकांत की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। अब ईडी ने उसे फिर से नोटिस भेजा है।

ईडी सूत्रों के मुताबिक उसकी कई सम्पत्तियों के बारे में पता चला है। पर, ये कई अन्य लोगों के नामों पर है। दावा किया जा रहा है कि निकांत ने ही इस जमीन को दूसरे के नाम पर खरीदा है। ऐसे ही कई बिन्दुओं पर ईडी निकांत जैन से पूछताछ करेगी। इसलिए ही उसे नोटिस भेजा गया है।

## 10 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

# मऊ में 23 केंद्रों पर होगी पीसीएस प्री की परीक्षा

एजेंसी ▶▶ मऊ

उप्र लोक सेवा आयोग (पीसीएस) की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन रविवार को किया जाना है। आयोग के निर्देश पर प्रशासन ने परीक्षा की तैयारी शुरू कर दिया है। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिले में पीसीएस परीक्षा को लेकर 23 केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर दो पालियों में 10,296 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। पहली पाली साढ़े नौ बजे से 11:30 बजे तक व दूसरी पाली शाम को ढाई बजे से साढे चार बजे तक होगी। परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा रहा है।



इस दौरान केंद्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जिला प्रशासन और आयोग की तरफ से आनलाइन किया जाएगा। परीक्षा को लेकर केंद्र के बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। सभी केंद्रों पर एक निरीक्षक या उपनिरीक्षक सहित पांच मुख्य आरक्षी और आरक्षी की तैनाती होगी। साथ ही 23 केंद्राध्यक्ष, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात होंगे। कोषागार से प्रश्न पत्रों को ले जाने और परीक्षा के बाद जमा करने की जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है। परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करने से पूर्व अभ्यर्थियों की जांच की जाएगी।

# प्रशासन पराली जलाने वालों पर सैटेलाइट से रखेगा नजर

## पकड़े जाने पर 2500 से 15 हजार तक का लगेगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

लगातार मौसम परिवर्तन और बारिश के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में उतार-चढ़ाव जारी है। आमतौर पर अक्टूबर में एक्यूआई 200 के पार पहुंच जाता था, लेकिन बारिश के कारण अब यलो जोन में एक्यूआई इससे नीचे दर्ज किया जा रहा है। चार अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई ऑरेंज जोन में 227 तक पहुंच गया था।

सोमवार की बारिश के बाद, एक्यूआई फिर से गिरकर येलो जोन में 166 पर पहुंच गया। इस बीच, जिला प्रशासन ने किसानों को दिशा-निर्देश जारी कर पराली को जलाने के बजाय खेतों में ही खाद के रूप में इस्तेमाल करने की अपील की है। पराली जलाते पकड़े जाने या पराली जलाने की शिकायत मिलने पर 2500 रुपए से 15 हजार रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

### रोकथाम के लिए टीमें गठित



जिले में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकासखंड और तहसील स्तर पर मोबाइल टीमें गठित की गई हैं। सभी मोबाइल टीमें सैटेलाइट के ज़रिए भी स्थिति पर नज़र रख रही हैं। केंद्र सरकार रोज़ाना बुलेटिन जारी कर रही है। अगर कोई किसान पराली जलाने का दोषी पाया जाता है, तो उसे दंडित किया जाएगा।

**प्रदूषण को लेकर दिशा-निर्देश जारी**

उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने भी पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिले में धान की कटाई शुरू हो गई है। कुछ किसान गेहूं की बुवाई की तैयारी के लिए खेतों में पराली जला रहे हैं। पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकना ज़रूरी है।

हरिभूमि

# सहेली

नई दिल्ली, मंगलवार
7 अक्टूबर 2025

करवा चौथ विशेष



# दांपत्य जीवन में आस्था का उत्सव

करवा चौथ का पर्व स्त्रियों की आस्था और दांपत्य जीवन के प्रति उनके समर्पण के भाव को प्रतिबिंबित करता है। विवाहित स्त्रियां इस पर्व के जरिए चांद को साक्षी मानकर अपने रिश्तों को संजोने का संकल्प लेती हैं, जिसमें उनके परिवार के सदस्यों का अपनापन, स्नेह और संस्कृति-पूजन परंपराओं की सोंधी महक भी समायी होती है।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा

भारत में मनाए जाने वाले अनेक पर्वों में कुछ ऐसे भी हैं, जो सीधे स्त्री मन की गहराई को छूते हैं। करवा चौथ इन्हीं में से एक है। यह केवल एक दिन का व्रत नहीं, स्त्री के प्रेम, समर्पण और आस्था की आत्मिक निष्ठा है, जो हर वक्त उसके हृदय में बनी रहती है। हर वर्ष करवा चौथ का दिन स्त्रियों को याद दिलाता है कि रिश्तों की शक्ति केवल शब्दों या कथनों में नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और त्याग में निहित होती है।



### स्त्री के अस्तित्व की आत्मीय अनुभूति

करवा चौथ का व्रत, स्त्री के लिए केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, उसके अस्तित्व की वह आत्मीय अनुभूति है, जिसमें प्रेम, आस्था और समर्पण एक साथ बसते हैं। यह दिन उसे अवसर देता है कि वह अपने रिश्ते को साधारण दिनचर्या से उठाकर, एक ऊंचे भावलोक तक पहुंचा सके। चांद की शीतलता में जब एक स्त्री दीप-जल के साथ पति का मुखड़ा देखती है, तो ऐसा लगता है कि चांद भी उस दिन अपनी कोमल छटा में इतरा रहा है।

### स्त्री के भीतर छिपे अदृश्य सौंदर्य का उत्सव

भारतीय संस्कृति में व्रत और उपवास कोई भी कर सकता है, लेकिन त्याग-समर्पण का जिम्मा स्त्री ने अपनी पहचान और अधिकार बना लिया है। भारतीय स्त्रियां केवल व्रतों के माध्यम से ही नहीं, अपने हर कर्म और समर्पित प्रयास से परिवार को पोषित करती हैं। इसी क्रम में करवा चौथ स्त्री के भीतर छिपे उस अदृश्य सौंदर्य का उत्सव है, जो रिश्तों में नई ऊष्मा भरता है।

### घर और मन की सजावट

हमारे हर पर्व की अपनी अलग सुगंध, रंग-रूप और तैयारी होती है। करवा चौथ की तैयारियां भी केवल एक दिन पहले से शुरू नहीं होतीं, बल्कि इसकी मानसिक तैयारी तो बरसात के दिनों से ही शुरू हो जाती है। बरसात के बीतने के बाद, जैसे ही मौसम अपना रुख बदलता है, स्त्रियां धीरे-धीरे करवा चौथ की तैयारी की सोचने लगती हैं। घर की सबसे बड़ी या अनुभवी स्त्री की अनुमति लेकर युवा स्त्रियां घर में एक शांत और पवित्र कोना चुनती हैं। इसके बाद अल्पना बनाने का काम होता है। घर की सबसे कुशल और होशियार बहू को कुछ दिनों के लिए चौका-बर्तन से छुट्टी दे दी जाती है, ताकि वह ध्यानपूर्वक अल्पना बना सके। करवा की अल्पना में स्त्री ने सदैव प्रकृति को प्रमुखता दी है। उसने अपनी सहगामी परिधि में सूरज, चांद, सितारे, बरगद, पीपल, रिश्ते, भाई-बहन, देवरानी-जेठानी, मजदूर, गाय-बैल और किसान सबको बनाया और पूजा की। यह अल्पना केवल सजावट नहीं, बल्कि स्त्री के मन, उसकी कल्पना और उसके जीवन के छोटे-बड़े हिस्सों का प्रतिबिंब भी होती है।

### अपनत्व से दमकता स्त्री मन

जब करवा चौथ का व्रत आता, तो उसकी पहली रात घर की बड़ी-बूढ़ी स्त्रियां खीर, हलुआ और अन्य मिठाइयां तैयार करती हैं। चाहे दिन भर कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो, कुछ मीठा अवश्य बनता है, ताकि व्रती स्त्री खा सके। क्योंकि मीठा खाने से प्यास नहीं लगती और दूसरा दिन ऊर्जावान बना रहता है। हाथों में मेहंदी रचती है, साड़ी, झुमके और नथ-टीका निकाले जाते हैं। इन तैयारियों के बीच, स्त्रियों का मन अपनत्व से दमकता रहता है।



### व्रत का दिन और उत्सव का चरम

व्रत वाले दिन स्त्री निर्जल रहकर भी उमंग-उत्साह से लबरेज रहती है। सुबह से ही घर का वातावरण विशेष प्रतीत होता है। हर काम, चाहे सफाई में झाड़ू लगाने का काम हो या बच्चों को तैयार करने का, पवित्र और ध्यानमग्न होकर किया जाता है। रात होते-होते घर का माहौल और भी उल्लासमय हो जाता है। बाहर चांदनी शांत और कोमल रात होती है और अंदर करवा की पूजा-पाठ, कथा कही-सुनाई जाती है। पति के मंगलमय जीवन की कामना की जाती है। जब चांद निकलता है तो वह केवल आकाशीय घटना भर नहीं रह जाता, उस क्षण स्त्री के मनाकाश में प्रेम और विश्वास का प्रतीक बनकर चांद उदित होता है। करवा के व्रत का सबसे भावपूर्ण क्षण वह होता है, जब पत्नी चांद को अर्घ्य देती है फिर पति के हाथ से जल ग्रहण करती है तो उसकी आंखों में उस क्षण प्रेम की एक अलग ही चमक होती है।

इस तरह स्त्रियों के मन और हृदय में बसी श्रद्धा और आस्था है, जो न केवल उनके जीवन को रोशन करती है, बल्कि परिवार और रिश्तों को स्थायी, आत्मीय और सजीव बनाती है। मिट्टी की खुशबू, चांद की शीतलता और लोकगीतों का मधुर स्वर, ये सब मिलकर करवा चौथ को केवल उपवास या पूजा नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का जीवंत उत्सव बना देती हैं। कहा जा सकता है कि ऐसे त्योहार, केवल आनंद के अवसर ही निर्मित नहीं करते, ये हमें समय, समुदाय और जीवन के गहरे अर्थों की याद दिलाते हैं। ये हमें प्रेम से जीना सिखाते हैं, आपस में जोड़कर रखते हैं।


---

करवा चौथ के दौरान कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आपको सरगी लेते समय ऐसे फूड्स, ड्रिंक्स को शामिल करना चाहिए, जिससे आप पूरे दिन हाइड्रेटेड-एनर्जेटिक फील कर सकें।

# व्रत के दौरान इस तरह रखें खुद को हाइड्रेट

डाइट सजेशन

निकिता चौहान



करवा चौथ पर विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं। इस दिन वे सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक उपवास रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इस दौरान कई महिलाओं को कमजोरी महसूस होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे खुद को प्रॉपर तरीके से हाइड्रेट नहीं रखती हैं। इस वजह से उन्हें चक्कर आने लगता है तो कुछ को मितली जैसा महसूस होता है। इन समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को व्रत के दौरान अपने हाइड्रेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। यहां आपको खुद को हाइड्रेट रखने के तरीके बता रहे हैं।

**ऐसे करें दिन की शुरुआत:** दिन की शुरुआत 2-3 गिलास सादा पानी पीने से करें। इसके बाद सूर्योदय से पहले खाई जाने वाली सरगी में ऐसे खाद्य को शामिल करें, जिसमें पानी पर्याप्त मात्रा में हो। नारियल पानी और छाछ पी सकती हैं। इनमें इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड और ठंडा रखते हैं। चाय, कॉफी और नमकीन स्नैक्स लेने से बचें। व्रत के दौरान पानी से भरपूर फल जैसे संतरा, पपीता और खीरा आदि का सेवन कर सकती हैं।



आपको भूख महसूस न हो इसके लिए सरगी में आप हेल्दी फैट्स और प्रोटीन लें। इसके लिए भीगे बादाम, दूध, दही और पनीर का सेवन कर सकती हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान:** अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है या कमजोरी महसूस कर रही हैं तो पूरे दिन का निर्जला व्रत रखने से बचें। पूरे दिन थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीती रहें। नारियल पानी या ओआरएस घोल भी पी सकती हैं। ठोस खाद्य के बजाय तरल पदार्थ अधिक मात्रा में लें। निराहार के बजाय फलाहार उपवास कर सकती हैं।

**थकान से बचें:** व्रत के दौरान पानी की कमी ना हो इसके लिए दिन के समय धूप और गर्मी से बचें। ज्यादा शारीरिक श्रम न करें और हल्की, ढीली ड्रेस पहनें। आराम करती रहें ताकि पसीने से पानी की कमी न हो।

**डिहाइड्रेशन के लक्षण पहचानें:** उपवास के दौरान पानी न पीने से कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन का रिस्क रहता है। ऐसे में आपको इन लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है- चक्कर या हल्की बेहोशी महसूस होना, सिरदर्द, बार-बार होंठ या मुंह सूखना, थकान या चिड़चिड़ापन, यूरीन कम होना या गहरे रंग का होना। अगर ये सभी या इनमें से कोई लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**डॉक्टर से कंसल्ट करें:** अगर आपको कोई मेडिकल इश्यू है या आप प्रेग्नेंट हैं तो व्रत रखने का निर्णय लेने से पहले स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। डॉक्टर आपके ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल और आपकी सेहत की अन्य बातों पर गौर करके आपको व्रत के दौरान सावधानी बरतने संबंधी उचित सलाह देंगी। आपको ध्यान रखना चाहिए कि हर महिला का शरीर अलग तरह का होता है। ऐसे में व्रत के दौरान क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में अपने डॉक्टर से जरूर बात करें।

**(मदरहुड अस्पताल, एनसीआर की कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. स्मिति जैन से बातचीत पर आधारित)**


---

भावनाएं / प्रस्तुतिः आरती सक्सेना

# दांपत्य जीवन में प्रेम-समर्पण का प्रतीक करवा चौथ का व्रत

दांपत्य का रिश्ता पति-पत्नी दोनों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इस रिश्ते का मधुर और मजबूत होना बहुत जरूरी है। फिल्म-टीवी की अभिनेत्रियां बता रही हैं करवा चौथ का पर्व उनके दांपत्य जीवन में क्या मायने रखता है, वे इस पर्व को कैसे मनाती हैं, इस बार उनकी क्या तैयारी है?

### यह अनोखा पर्व हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता हैः कियारा आडवाणी



अपनी शादी के बाद मैं हर वर्ष करवा चौथ पूजा पूरे विधि-विधान के साथ करती हूं, व्रत रखती हूं, अपने पति सिद्धार्थ की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की मंगल कामना करती हूं। इस साल भी मैं करवा चौथ व्रत रखूंगी। इसकी तैयारी मैंने अभी से शुरू कर दी है। इस बार मैं करवा चौथ के लिए स्पेशल ड्रेस या डिजाइनर साड़ी लेने वाली हूं। सिद्धार्थ के लिए भी खूबसूरत कुर्ता-पजामा खरीदूंगी। हर साल मैं करवा चौथ पर स्पेशल मेहंदी लगवाती हूं, जिसमें सिद्धार्थ के नाम का पहला अक्षर मेरे हाथ पर लिखा होता है। इस बार भी मैं ऐसी ही मेहंदी लगाने वाली हूं। रोजमर्रा की जिंदगी में मैं लाइट कलर के ड्रेस पहनना पसंद करती हूं, लेकिन करवा चौथ पर मुझे डार्क कलर पहनना पसंद है, जैसे रेड, मैरून, डार्क पिंक। पिछले साल मैंने ससुराल में करवा चौथ मनाया था, जो मेरे लिए बहुत यादगार रहा। ससुराल में करवा चौथ पर सिर्फ सिद्धार्थ ही नहीं, मेरी सासू मां और पूरा परिवार मेरा बहुत ध्यान रख रहा था। मेरी सास ने मुझे करवा चौथ की सुबह सरगी दी, जो मैंने सुबह-सुबह चार बजे खाई। इसके बाद बिना कुछ खाए-पिए करवा चौथ का व्रत रखा। रात को चांद देखकर मैंने अपना करवा चौथ का व्रत सिद्धार्थ के हाथों पानी पीकर खोला। इसके बाद हम दोनों लोग ड्राइव पर गए। सिद्धार्थ ने मुझे सरप्राइज गिफ्ट दिया, जो एक खूबसूरत मोबाइल था। करवा चौथ का व्रत मेरे लिए इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हर करवा चौथ पर हमारा रिश्ता और मजबूत होता है। यह बहुत अनोखा पर्व है, हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता है।

### स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान हैः भारती सिंह



जब मैं बहुत छोटी थी, शादीशुदा महिलाओं को करवा चौथ व्रत रखते देखती थी। उनका सजना-संवरना मिलकर करवा चौथ की पूजा करना, चांद देखकर अपने पति के हाथों जल पीकर व्रत तोड़ना, ये सब मुझे बहुत भाता था। मैं सोचती थी, जब मैं बड़ी होऊंगी, शादी करूंगी तो इन महिलाओं की तरह मैं भी अपने पति के लिए ऐसे ही सज-धज कर करवा चौथ की पूजा करूंगी। उस वक्त मुझे यह नहीं पता था कि करवा चौथ का व्रत भूखे-प्यासे रहकर करना पड़ता है। शादी के बाद जब मैंने पहली बार करवा चौथ का व्रत रखा, उस वक्त पूरा दिन भूखा-प्यासा रहकर मेरी हालत बहुत पतली हो गई थी। लेकिन रात को जब चांद देखकर व्रत तोड़ा, तो एक अलग ही सुकून मिला। इसके बाद हर साल मैं पूरे दिल से करवा चौथ का व्रत रखती हूं। मेरा मानना है स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान है। इस बात का एहसास मुझे उस वक्त हुआ, जब मेरी लाइफ में हर्ष की एंट्री हुई। हर्ष ने मुझे इतना प्यार दिया, इतनी खुशी दी कि मैं उनके बिना जीने की कल्पना भी नहीं कर सकती। करवा चौथ के दिन मैं सुबह चार बजे उठकर सास द्वारा दी गई सरगी खाती हूं। पूरा दिन सजने-संवरने में जुटी रहती हूं, हाथों में मेहंदी से लेकर पैरों में पायल, ज्वेलरी, मेकअप, हेयर स्टाइल सब कुछ पूरे दिन चलता रहता है। इस दिन हर्ष मेरी हर बात मानते हैं, मेरे नखरे उठाते हैं। हर साल वह मेरे लिए कोई ना कोई खूबसूरत गिफ्ट लेकर जरूर आते हैं। इस बार भी मैं धूमधाम से करवा चौथ मनाऊंगी। करवा चौथ की फोटोज और वीडियो भी आप लोगों के साथ शेयर करूंगी।

---

मेकअप

सरिता गुप्ता

# ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप से निखर उठेगी खूबसूरती

विवाहित महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार करवा चौथ को माना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जल व्रत रखती हैं। इस अवसर पर बड़े चाव से सजती-संवरती भी हैं। सुंदर सी साड़ी, लहंगा, मैचिंग ज्वेलरी कैरी करती हैं, मेहंदी, महावर भी लगाती हैं। इसके साथ ही, पूजा करने के लिए वे अच्छे से मेकअप भी करना चाहती हैं। इस ऑकेजन पर आपका मेकअप स्पेशल होना चाहिए। इसीलिए यहां हम आपको बता रहे हैं ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप के स्टेप्स।

**मॉयश्चराइजरः** मेकअप शुरू करने के पहले स्टेप में फेस पर मॉयश्चराइजर लगाएं। इससे चेहरे पर मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। मॉयश्चराइजर लगाने के 10 मिनट बाद बेस लगाना सही रहता है।



**कंसीलरः** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं और आप उन्हें छुपाना चाहती हैं तो कंसीलर का यूज जरूर करें। साथ ही चेहरे पर चमक लाने के लिए आप प्राइमर का यूज कंसीलर से पहले करें।

**फाउंडेशन या बेसः** फाउंडेशन या बेस खरीदते समय अपनी स्किन टोन से मैचिंग जरूर कर लें। साथ ही ऐसे फाउंडेशन का सेलेक्शन करें, जो लॉन्ग-लास्टिंग हो ताकि आपका मेकअप लंबे समय तक बरकरार रहे। स्किन टोन से मैचिंग बेस को अच्छे तरीके से ब्लेंड करें। इससे फेस पर नेचुरल ग्लो आता है।

**अप्लाई करें ब्लशरः** बेस लगाने के बाद गालों पर हल्का-सा ब्लशर अप्लाई करें ताकि चेहरे पर ग्लो दिखाई दे।

**आइज मेकअपः** फेस मेकअप के बाद आइज मेकअप की बारी आती है। आंखों को सुंदर दिखाने के लिए आप अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ लाइट ब्राउन या लाइट ग्रे कलर का आईशैडो लगा सकती हैं। आंखों का मेकअप हाईलाइट करने के लिए आप हल्की ग्लिटर वाली या शिमरी आईशैडो का यूज भी कर सकती हैं।

**मस्काराः** मस्कारा लगाने से आपकी पलकें घनी और लंबी दिखाई देती हैं। आंखों पर मस्कारा का एक कोट लगाना काफी है। एक से अधिक कोट ना लगाएं।

**आई लाइनरः** आंखों के मेकअप को क्लीन दिखाने के लिए पतला आई लाइनर लगाएं। अगर अपने मेकअप को स्पेशल फेस्टिव टच देना चाहती हैं तो आप लाइट ब्राउन या ब्लू कलर का आई लाइनर चुन सकती हैं।

**लिपस्टिकः** मेकअप को कंप्लीट लुक देने के लिए लिपस्टिक का सही शेड चुनना बहुत जरूरी है। गलत शेड आपके मेकअप का लुक बिगाड़ सकता है। ध्यान रखें कि अगर आपने आइज मेकअप डार्क किया है तो लिपस्टिक लाइट लगाएं। होंठों को ड्राई होने से बचाने के लिए पहले लिप बाम लगाएं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**

---

पर्व संदेश

सरस्वती रमेश

हमारे हर पर्व के पीछे कोई ना कोई बड़ा उद्देश्य होता है, उसके संदेश होते हैं। करवा चौथ भी ऐसा ही एक पर्व है। करवा चौथ पति-पत्नी के संबंध मधुर और मजबूत बनाने के साथ पूरे परिवार को आपस में जोड़ता है।

# करवा चौथ के अवसर पर बनें प्यार-परंपरा के साक्षी

दांपत्य, एक अनूठा रिश्ता है, ऐसा रिश्ता जो एक ही रिश्ते में अनेक रिश्तों को समाहित किए है। जीवनसाथी सिर्फ पति-पत्नी के बंधन में नहीं बंधे होते, उनका रिश्ता साथ, विश्वास और सहयोग का होता है। दांपत्य का रिश्ता उस नाजुक बेल की तरह होता है, जो एक-दूसरे के सहारे से आगे बढ़ती है। कभी-कभी इस नाजुक बेल की मजबूती के लिए कुछ खास भी करना पड़ता है। वही खास अवसर है-करवा चौथ का पर्व। इस अवसर पर दांपत्य के रिश्ते को हरा-भरा और पुष्पित करने के लिए पत्नी अपने प्रेम का जल, भरोसे की खाद और समर्पण की धूप देती है। यह रिश्ता हमेशा खिला-खिला रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, जैसे-



**साथ का अहसासः** करवा चौथ पर सुहागन स्त्रियां व्रत रखती हैं, लेकिन उनके लिए यह सिर्फ एक व्रत मात्र नहीं है, इस दिन वे मेहंदी, महावर, कुमकुम, मांग-टीका और तन के सारे श्रृंगार कर, दांपत्य जीवन का भी श्रृंगार करती हैं। व्रत के साथ यह सदिच्छा भी जुड़ी होती है, यह अहसास भी कि हर उम्र में, हर मोड़ पर दांपत्य की बगिया अपने सुंदरतम रूप में खिली रहे। यहां यह भी ध्यान देने वाली बात है, स्त्री का यह सुंदर स्वप्न तभी पूरा होगा, जब उसे अपने जीवनसाथी का भरपूर प्यार और साथ मिले। करवा चौथ इस साथ के अहसास को और गहरा करता है।

**रिश्ते में हो त्याग की भावनाः** जैसा कि हम सब जानते हैं, करवा चौथ पर स्त्री अन्न-जल त्याग कर पति की लंबी आयु की प्रार्थना करती है। दांपत्य के रिश्ते को हमेशा सजीव और मधुर रखने के लिए हमें इसी तरह के त्याग की जरूरत होती है। जब रिश्ते में त्याग का भाव निहित हो, तभी दांपत्य की खुशहाली संभव है।

**पति भी रखे ख्यालः** जिस तरह किसी त्योहार का पारंपरिक और सांस्कृतिक पक्ष होता है, उसी तरह उसका व्यावहारिक पक्ष भी होता है। करवा चौथ का भी व्यावहारिक पक्ष है, यह विवाह के वक्त किए गए वचनों को आगे बढ़ाने और व्यावहारिक रूप से उन्हें जीवन में अपनाने के लिए इंगित करता है। यदि पति की लंबी आयु की कामना से पत्नी कठिन व्रत रख सकती है, तो पति को भी उसकी सेहत और मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए।



### पूरे परिवार का उत्सव

**करवा चौथ** पूरे परिवार का उत्सव है। भले ही इसका पालन घर की स्त्रियों द्वारा होता है, लेकिन जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य इसमें शामिल न हो, तब तक इस त्योहार को मनाने का अर्थ परिपूर्ण नहीं होता। करवा चौथ का पर्व परिवार के लोगों को आपस में जोड़ता है, हंसी-मजाक और आत्मीयता के नए अवसर सुलभ करता है। सारी स्त्रियां मिलकर मेहंदी लगाती हैं, श्रृंगार करती हैं, गीत गाती हैं, दिल खोलकर हंसती हैं। घर में पकवान बनते हैं, बच्चे खुश होकर घर में डोलते हैं। यही तो त्योहारों को मनाने का उद्देश्य है कि हर ओर उमंग-उल्लास फैले, रंग और उजास फैले।

## मप्र-असम के बीच होगी वन्य जीव पर्यटन साझेदारी की पहल

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, बांधवगढ़ के गौर चंबल के घड़ियाल असम से करेंगे एक्सचेंज



### चाय बागान में श्रमिकों और बहनों से किया आत्मीय संवाद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश और असम के बीच वन्यजीवों की अदला-बदली की जाएगी।

बांधवगढ़ नेशनल पार्क से गौर और चंबल सेंचुरी के घड़ियाल असम के काजीरंगा नेशनल पार्क से एक्सचेंज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चाय उद्योग असम का गौरव और अर्थव्यवस्था का प्रतीक है। परिश्रम, अपनत्व एवं सादगी की धरती असम और मध्यप्रदेश के बीच व्यापार-उद्योग के साथ ईको-टूरिज्म, वन्य जीव पर्यटन की दिशा में भी परस्पर सहयोग, विश्वास और साझेदारी को बढ़ाने के लिए विशेष पहल होगी। डॉ. यादव ने असम प्रवास के दौरान रविवार को विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और चाय बागान का भ्रमण के दौरान यह बात कही। उन्होंने बागान में चाय उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन कर स्थानीय किसानों और श्रमिक बहनों से आत्मीय संवाद भी किया।

### मुख्यमंत्री यादव ने काजीरंगा नेशनल पार्क का किया भ्रमण



### मप्र में दो साल में 70 हाथियों ने घर बनाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज मैं असम के काजीरंगा उद्यान में हाथी और राइनो समेत तमाम प्रकार के वन्यजीवों के संबंध में जानने आया हूं। हमारे यहां भी अब हाथी आ गए हैं। पहले हमारे यहां हाथी नहीं थे। दो साल में 70 से ज्यादा हाथी हमारे यहां बांधवगढ़ और अन्य अभयारण्यों में हैं। ऐसे में जान-माल की रक्षा के साथ ही हाथी के जीवन की रक्षा के लिए काजीरंगा बहुत आदर्श अभयारण्य है। मैं अपने अधिकारियों के साथ यहां आया हूं। मुझे देखकर अच्छा लगा। बहुत बढ़िया प्रबंधन है। यहां से काफी सारी चीजें सीखेंगे।

### हाथियों को स्नेह से गन्ना खिलाकर किया दुलार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संरक्षण की मनमोहक झलक देखी एवं हाथियों को स्नेह से गन्ना खिलाकर दुलार किया। उन्होंने यहां वन्यजीवों के संरक्षण संवर्धन के लिए नवाचारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उद्यान भ्रमण के दौरान अजगर को प्राकृतिक आवास में छोड़ा। उल्लेखनीय है कि काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एक सींग वाले गैंडे सहित पूर्वी हिमालयी जैव विविधता का केन्द्र है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व-धरोहर घोषित किया गया। यह उद्यान हाथियों, जंगली भैंसों, दलदली हिरणों और विभिन्न पक्षी प्रजातियों का आश्रय स्थल है।

---

इंटरेक्टिव सेशन में जाने-माने उद्योगपतियों ने दिखाई निवेश की रुचि

# हृदय प्रदेश होने के साथ देश का सबसे उपयुक्त निवेश राज्य बना मप्र: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश हृदय प्रदेश होने के साथ संसाधनों की वजह से आज देश का सबसे उपयुक्त निवेश राज्य बन चुका है। उद्योग स्थापित करने के लिए यहां सबसे अधिक सुविधाएं, साधन और संभावनाएं हैं। इसलिए गुवाहटी में आयोजित इन्टरेक्टिव सेशन में जाने-माने उद्योगपतियों ने मप्र की खूबियों को जाना और निवेशकी रूचि दिखाई।

डॉ. यादव ने उद्योपतियों से वन-टू-वन चर्चा कर उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। आयुक्त जनसम्पर्क दीपक सक्सेना ने असम राज्य के सभी उद्योगपतियों और औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधियों एवं निवेशकों का और आयोजन में सहयोगी शासन-प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सब हमें मध्यप्रदेश में सत्कार और अभिनंदन करने का अवसर दीजिए, मध्यप्रदेश में निवेश जरूर कीजिए। सेशन में मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों और नवीन औद्योगिक नीतियों की जानकारी दी गई। 'मध्यप्रदेश–अनंत संभावना' नामक एक ऑडियो-विजुअल (शॉर्ट प्रोमोशनल फिल्म) का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में असम राज्य के उद्योगजगत से जुड़े प्रमुख उद्यमी, निवेशक, वरिष्ठ अधिकारी और मध्यप्रदेश शासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने उद्योपतियों से की वन-टू-वन चर्चा, निवेश के लिए किया आमंत्रित




## मध्यप्रदेश बिजली उत्पादन में देश में अग्रणीः डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का बिजली उत्पादन के मामले में देश में एक अलग स्थान है। दिल्ली की मेट्रो ट्रेन मध्यप्रदेश की बिजली से चल रही है। हम ग्रीन एनर्जी प्रोडक्शन की ओर बढ़ रहे हैं। विंड एनर्जी प्रोडक्शन में तो हम आगे हैं हीं, हमारे राज्य में जमीन और पानी पर भी सोलर एनर्जी प्रोडेक्शन प्लांट लगाए गए हैं। मध्यप्रदेश में उद्योग-धंधों और निर्माण इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए हम औद्योगिक इकाई स्थापना, रॉ मटेरियल अवेलेबिलिटी, गुड्स ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी, एक्सपोर्ट, लॉजिस्टिक्स और कुशल श्रम शक्ति उपलब्ध कराने जैसे सभी सेक्टर्स में आगे बढ़कर इन्हें प्रोत्साहन भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए सभी राज्यों के मध्य एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आवश्यक है और तभी हमारा देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बन पाएगा।

### औद्योगिक विकास का गेट-वे बनेगा आयोजन : धानुका

असम राज्य के फिक्की के अध्यक्ष एवं जीडी धानुका ग्रुप के एमडी डॉ घनश्याम दास धानुका ने असम के कल्चरल आइकॉन स्व जुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह आयोजन असम और मध्यप्रदेश के लिए देश के साथ दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए औद्योगिक विकास का गेट-वे बनेगा। मध्यप्रदेश निवेशकों और उद्योगपतियों को प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी नेतृत्व से ही हर क्षेत्र में विकास होता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने इस मामले में लीड ले ली है।

### असम-मप्र के बीच कायम होंगे प्रगाढ़ रिश्ते : जॉयदीप

असम के फिक्की के सह-अध्यक्ष एवं बीएमजी इन्फॉर्मेटिक्स प्रालि के निदेशक जॉयदीप गुप्ता ने कहा कि गुवाहाटी में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव और डेलीगेशन का स्वागत है। मध्यप्रदेश देश का दिल है और असम देश के लिए इकॉनॉमिक गेटवे की तरह है। विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए निवेश आधारित यह रोड-शो बेहद अहम साबित होगा तथा इससे दोनों राज्यों के बीच पारदर्शी और प्रगाढ़ रिश्ते कायम होंगे।

**असम के सीएम शर्मा से सौजन्य भेंट...**



### इन उद्योगपतियों ने दिखाई रुचि, दिए निवेश प्रस्ताव

गुवाहटी में आयोजित इन्टरेक्टिव सेशन में जिन उद्योगपतियों ने मप्र में रुचि दिखाई और निवेश प्रस्ताव दिए, उनमें चेयरमैन जीईआरडी फार्मास्युटिकल्स एवं चेयरमैन, फिक्की उसम राज्य परिषद डॉ. घनश्याम धनुका ने मध्यप्रदेश में अत्याधुनिक फार्मास्युटिकल एवं हाइजीन उत्पाद निर्माण की स्थापना, लोहिया समूह के चेयरमैन कैलाश चंद्र लोहिया ने प्लास्टिक्स और पैकेजिंग निर्माण, प्रबंध संचालक असम बंगाल नेविगेशन एवं पूर्व अध्यक्ष, फिक्की असम राज्य परिषद आशीष फूकन ने नर्मदा, चंबल आदि प्रमुख नदियों पर ईको लॉज तथा बुटीक रिवर क्रूज परियोजनाओं की शुरूआत और टाइगर रिजर्व एवं संरक्षित क्षेत्रों में सस्टेनेबल हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज के पायलट प्रोजेक्ट्स, बीएमजी इंफॉर्मेटिक्स प्रा लि के सह-अध्यक्ष जॉयदीप गुप्ता ने ईको-रिजॉर्ट और सस्टेनेबल हॉस्पिटेलिटी के साथ ईको-टूरिज्म क्लस्टर्स के विकास, होटल पोलो टावर के हेड प्रशांत गुप्ता ने ईको टूरिज्म, वन्यजीव पर्यटन आदि शामिल है।

---

# 230 विधानसभा में जीएसटी बचत उत्सव, सरकारी योजनाएं बताएंगे

*आत्मनिर्भर भारत संकल्प के तहत युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चल रही योजनाओं की जानकारी दी*

भोपाल। प्रदेश भाजपा ने संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से विधानसभा सम्मेलन आज से शुरू किए हैं।

इन सम्मेलनों में विशेष रूप से जीएसटी बचत उत्सव और आत्मनिर्भर भारत संकल्प से जुड़ी जानकारियां साझा की जा रही हैं। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में यह सम्मेलन चरणबद्ध तरीके से आयोजित किए जा रहे हैं। भाजपा संगठन का कहना है कि इन सम्मेलनों का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसी योजनाओं की जानकारी देना है, जिनसे आम लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है, ताकि वे इन योजनाओं को जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचा सकें। इन सम्मेलनों में कुछ स्थानों पर सांसद और विधायक भी शामिल होंगे। यह सम्मेलन आज से शुरू होकर 15 अक्टूबर तक होंगे। सम्मेलनों में विशेषज्ञ और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को बताएंगे कि जीएसटी बचत उत्सव के तहत कर व्यवस्था में पारदर्शिता आई है और उपभोक्ताओं को वस्तुओं व सेवाओं पर समान कर का लाभ मिला है। इसके साथ ही राज्य की आय में बढ़ोतरी से विकास कार्यों के लिए नए संसाधन उपलब्ध हुए हैं। छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के लिए भी जीएसटी ने कारोबार को सरल और सुविधाजनक बनाया है।

### लाभार्थियों के अनुभव साझा किए जाएंगे...

इन सम्मेलनों में आत्मनिर्भर भारत संकल्प के तहत युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चल रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसमें केंद्र एवं मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी इसमें दी जाएगी। सम्मेलन में इन योजनाओं के लाभार्थियों के अनुभव भी साझा किए जा रहे हैं, ताकि कार्यकतार्ओं को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से योजनाओं की प्रभावशीलता समझाई जा सके।

### एक हजार कार्यकर्ताओं का दिया टारगेट

भाजपा संगठन ने तय किया है कि हर विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन के माध्यम से कम से कम एक हजार कार्यकर्ताओं तक इन योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी। कार्यकर्ताओं को यह भी बताया जा रहा है कि वे कार्यक्रमों के तहत बूथ स्तर पर जनता को योजनाओं के लाभ और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दें।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

**घोषणा**

नीचे तालिका में वर्णित अनुसार पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट्स आयोजित करने का निर्णय लिया है :–

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में संस्कृत विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 65/2024 | 12.10.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |
| 2. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में गृह विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 54/2024 | |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 08.10.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :–**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए–4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 05.10.2025

हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला



## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

**घोषणा**

**विषय : उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में पर्यावरणीय विज्ञान विषय में (विज्ञा. सं. 49/2024) असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों के लिए भर्ती।**

*जो उम्मीदवार उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में पर्यावरणीय विज्ञान विषय में (विज्ञा. सं. 49/2024) असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों के लिए आवेदन कर चुके थे, की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि उक्त पद के लिए 12.10.2025 को आयोजित किए जाने निर्धारित स्क्रीनिंग टेस्ट को प्रशासनिक कारणों की वजह से स्थगित किया माना जाए।*

**टिप्पणी :– स्क्रीनिंग टेस्ट की नई तिथि यथा समय घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपडेट्स के लिए आयोग की वेबसाइट पर पधारते रहने का परामर्श दिया जाता है।**

दिनांक : 06.10.2025

हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

संवाद–1156/13/357/2026/39292/88/7 दि. 06.10.25


---

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर मिले मुख्यमंत्री साय

# नए पोतों या जहाजों का नाम छग की नदियों पर रखा जाए:रक्षामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर मुलाकात की। बैठक में बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार, रक्षा क्षेत्र के विकास, पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन एवं नौसैनिक पोतों के नामकरण जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की नदियां- इंद्रावती, महानदी केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि प्रदेश की आत्मा हैं।

उन्होंने सुझाव दिया कि रक्षा मंत्रालय जब भी नए नौसैनिक पोतों या जहाजों को लॉन्च करें, तो उनमें से कुछ का नाम छत्तीसगढ़ की नदियों और क्षेत्रों के नाम पर रखे जाएं। जैसे-आईएनएस इंद्रावती, आईएनएस महानदी या आईएनएस बस्तर। यह न केवल प्रतीकात्मक रूप से सुंदर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ेगा। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह विचार भारत की विविधता और एकता को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय इस पहल पर गंभीरता से विचार करेगा और उपयुक्त अवसर पर इसे लागू किया जाएगा।



### आज कल के युवाओं में सेना के प्रति उत्साह

*मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सेना में भर्ती होने के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं में अनुशासन, शारीरिक क्षमता और देशभक्ति की भावना है। इस आधार पर उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि पूरे प्रदेश में विशेष सेना भर्ती रैलियां आयोजित कराई जायें। जिससे युवाओं को अपने ही प्रदेश में देश सेवा का अवसर मिल सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री के इस आग्रह का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश के हर कोने से योग्य युवाओं को सेना में जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति के तहत रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को प्रोत्साहन देने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विज़न के अनुरूप है और इससे छत्तीसगढ़ में उच्च तकनीकी प्रशिक्षण, अनुसंधान और निजी निवेश के अवसर बढ़ेंगे।*

### रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकास कार्य कराने का अनुरोध

मुख्यमंत्री साय ने बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया कि बिलासपुर में रक्षा मंत्रालय की भूमि है। इस भूमि को उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक कार्य भी शुरू करने का आग्रह किया। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

---

राष्ट्रपति को छग के विकास कार्यों से कराया अवगत

# राष्ट्रपति मुर्मू से मिले मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू को छत्तीसगढ़ आने के लिये आमंत्रित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री साय को छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और प्रदेश की निरंतर प्रगति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू को अवगत कराया कि वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।



---


# दिग्विजय ने कहा, सत्ताधारी दल के नेताओं के आगे इंदौर पुलिस बेबस

### इंदौर पुलिस द्वारा मांगा समय आज होगा खत्म, अब जाएंगे कोर्ट

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

इंदौर के शीतला माता मार्केट इलाके में मुस्लिम वर्ग के कर्मचारियों को दुकानों से हटाने और दुकानें खाली कराने के मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में भारतीय न्याय संहिता की उन धाराओं को बताया है, जिनके तहत ऐसे मामलों में केस दर्ज किया जा सकता है। दिग्विजय ने लिखा कि पुलिस ने कार्रवाई के लिए 15 दिन का समय मांगा था, उसकी समय सीमा 6 अक्टूबर को खत्म हो रही है। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे कोर्ट जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा कि इंदौर में 27 सितम्बर को मैंने एक तटस्थ स्थान पर पीड़ित और प्रताड़ित व्यापारियों के साथ बैठक कर इस घटनाक्रम की वस्तुस्थिति जानी थी। दिग्विजय ने लिखा कि मध्यप्रदेश पुलिस की खुफिया शाखा के माध्यम से आपको भी इस घृणित घटनाक्रम का पता चल गया होगा।

## मधुमक्खियों ने किया ग्रामीणों पर हमला, तीन घायल



**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र के पंडरीपानी में रहने वाले दो बच्चे और एक युवक गाय चराने के लिए जंगल गए हुए थे। जहां अचानक इन ग्रामीणों के ऊपर मधुमक्खी ने हमला कर दिया।

किसी तरह से तीनों अपनी जान बचाकर वहां से भाग कर आ गए, जहां उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया गया है। मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि पंडरीपानी निवासी सुशिला 14 वर्ष, दीपशिखा 9 वर्ष व नड़गु 35 घर की गाय चराने के लिए सोमवार की सुबह जंगल गए हुए थे। अचानक किसी ने जंगल में बने मधुमक्खी के छाते में पत्थर मार फरार हो गए थे, जिस कारण जैसे ही ये तीनो जंगल में पहुंचे की अचानक से मधुमक्खी ने उन तीनों पर हमला कर दिया, जिसकी वजह से सभी घायल हो गए। घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई–मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में राजीव गांधी खेल परिसर गोलनी की विशेष मरम्मत और रखरखाव। | 04.10.2025 11.10.2025 | 22.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज करनाल | गांव अरैनपुरा में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 3 कार्य। | 02.10.2025 11.10.2025 | 132.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव मुनक में ग्राम सचिवालय का निर्माण + 3 कार्य। | 03.10.2025 30.10.2025 | 287.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | जिला परिषद पानीपत | गांव खोटपुरा, ब्लॉक पानीपत में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | 01.10.2025 08.10.2025 | 41.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 5 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला, हरियाणा | ई–रिक्शा की अधिप्राप्ति के लिए वार्षिक दर अनुबंध की व्यवस्था करना। | 04.10.2025 03.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/100/39311/I/88/7 दि. 06.10.25

## चिंतन

# लोकतंत्र के स्तंभ न्याय पालिका की गरिमा पर आंच न आने पाए

अदालतें न्याय का मंदिर हैं, इस कथन का अर्थ यह है कि न्यायपालिका को सर्वोच्च और आदरणीय माना जाता है। जहां आम नागरिक न्याय की उम्मीद से जाते हैं। जहां हर फरयादी की पुकार सुनी जाती है। अदालतें आम नागरिकों के लिए न्याय का अंतिम ठिकाना भी हैं। यही कारण है कि न्याय पालिका को लोकतंत्र का स्तंभ कहा गया है। आजादी के बाद से अनेक ऐसे मौके आए, जब हमारी अदालतों ने न केवल कार्य पालिका को सही रास्ता दिखाया बल्कि आम आदमी के मन में लोकतंत्र के प्रति विश्वास को मजबूत किया। ऐसे में किसी भी अदालत का अपमान करना न केवल मंदिर का अपमान है बल्कि लोकतंत्र के मूल्यों को भी कमजोर करने जैसा है। अगर कोई अधिवक्ता ही ऐसा करे तो इस दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। सोमवार को एक वकील ने देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय हुई जब सीजेआई की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों में से एक वकील ने सीजेआई की तरफ जूता फेंका। हालांकि जूता उनकी बेंच तक नहीं पहुंच सका। सुरक्षाकर्मियों ने फौरन उसे पकड़ लिया। बाहर जाते वक्त वकील ने नारा लगाया, सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। घटना के बाद सीजेआई ने अदालत में मौजूद वकीलों से कहा कि इस सबसे परेशान न हों। मैं भी परेशान नहीं हूं, इन चीजों से मुझे फर्क नहीं पड़ता। आरोपी वकील का नाम राकेश किशोर कुमार है। वो खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति पर दिए गए फैसले से नाराज था। किसी भी नाराजगी का मतलब यह तो नहीं हो जाता कि न्याय पालिका का ही अपमान कर दिया जाए। न्यायालय की प्रतिष्ठा इस देश के लोगों के विश्वास पर आधारित है। यदि उस विश्वास को कभी कम किया जाता है, तो इस न्यायालय की प्रतिष्ठा को अनिवार्य रूप से ठेस पहुंचेगी। यहां तो बात सीधे-सीधे न्याय की कुर्सी पर बैठे न्यायाधीश के अपमान की हो रही है। यह बात सही है कि बीते लंबे समय से अदालतों के दरवाजे कुछ संकरे हुए हैं। अदालतों पर केसों का बोझ लगातार बढ़ा है। देश की अदालतों में लंबित मामलों की संख्या 5.34 करोड़ से भी ज्यादा है। यह चिंता का विषय है। इन मामलों में एक बड़ा हिस्सा जिला और निचली अदालतों में है। जिला और निचली अदालतों में 4.7 करोड़ मामले लंबित हैं। हाई कोर्ट में भी 63.8 लाख मामले अटके हुए हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत, सुप्रीम कोर्ट में 88,251 मामले लंबित हैं। इसका कारण न्यायिक और तकनीकी विशेषज्ञों की कमी, न्यायाधीशों पर अत्यधिक काम का दबाव, स्थगन आदेशों के दुरुपयोग तो हैं ही, साथ में सुनवाई के दौरान वकीलों का उपलब्ध न होना भी जिम्मेदार है। 62 लाख से ज्यादा मामलों में वकील मौजूद नहीं हो पा रहे। इससे सुनवाई आगे नहीं बढ़ पा रही। लगभग 27 लाख मामलों में गवाह गायब हैं। 23 लाख से ज्यादा मामलों पर अदालतों ने रोक लगा रखी है। 14 लाख से ज्यादा मामलों में 'दस्तावेजों का इंतजार' होता है। जरूरी कागजात न मिलने से भी देरी होती है और लगभग 8 लाख मामलों में 'पार्टियों का दिलचस्पी न लेना' शामिल है। जब पक्षकार ही रुचि नहीं दिखाते तो मामला कैसे सुलझेगा? यहां बात लंबित केसों की नहीं है बल्कि अदालत के सम्मान की है। अगर वकील ही अदालत की गरिमा का सम्मान नहीं करेंगे तो आम आदमी से कैसे उम्मीद की जा सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बार एसोसिएशन और कानून आरोपी वकील के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे ताकि दोबारा ऐसा घटना न हो।



लापरवाही
रोहित माहेश्वरी

# जीवनरक्षक दवा बनी मौत का कारण

> कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिए दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और बच्चों को बिना जरूरत खांसी की दवा न दी जाए। साथ ही, जांच में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप में जहरीले रसायन डाई एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई, जिसके बाद केंद्र ने तमिलनाडु की उस यूनिट का लाइसेंस रद करने की सिफारिश की है, जहां दवा तैयार की गई थी। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है।

मध्यप्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला अब पूरे देश में चिंता का विषय है। दोनों राज्यों में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप से 18 बच्चों की मौत का आरोप है। इनमें से 16 मौतें मध्यप्रदेश और दो राजस्थान में हुई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'कोल्ड्रिफ' को जिम्मेदार बताते हुए इसे बनाने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 2022 में कफ सिरप पीने के बाद तीन देशों में 300 बच्चों की मौत के मामले सामने आए थे। कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिए दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और बच्चों को बिना जरूरत खांसी की दवा न दी जाए। साथ ही, जांच में 'कोल्ड्रिफ' नाम के कफ सिरप में जहरीले रसायन डाई एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई, जिसके बाद केंद्र ने तमिलनाडु की उस यूनिट का लाइसेंस रद करने की सिफारिश की है, जहां दवा तैयार की गई थी। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के पीड़ित परिजनों के अनुसार बच्चों को खांसी की शिकायत थी। कफ सिरप पिलाया गया और अन्य दवाएं भी दी गई। सिरप पीने के बाद ही बच्चों को पेशाब रुकने जैसी दिक्कतें होने लगी। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि बच्चों की किडनी फेल हो चुकी थी। बच्चो को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में 11 मासूमों की जान चली गई। एक बच्ची की मौत के बाद नागपुर जिला प्रशासन से खबर मिली की किडनी फेल होने से जान जा रही है।

जांच टीम ने तीन बच्चों की बायोप्सी की, जिसकी रिपोर्ट में किडनी नेफ्रॉन में डैमेज दिखा। आखिर कफ सिरप में जहरीले केमिकल कैसे पहुंचते हैं, यह यक्ष प्रश्न है, जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निर्माता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिए दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित 'श्रीसन फार्मास्युटिकल्स' की फैक्ट्री में बना था।

तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए 'कोल्ड्रिफ' सिरप के सैंपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाई एथिलीन ग्लाइकॉल यानी डीईजी पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्रा से ज्यादा नहीं होना चाहिए। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। राजस्थान के भरतपुर और सीकर जिलों में जिन दो बच्चों की मौत हुई, जांच में सामने आया कि उन्हें घर पर ही कफ सिरप दिया गया था, बिना किसी डॉक्टर की सलाह के। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मृतकों के परिवारों को दवा दुकानदारों से यह सिरप मिला था। यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। सकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में




प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिए पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जन स्वास्थ्य के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार स्थिति है। यह मामला दवा निर्माण प्रक्रिया में निगरानी और परीक्षण प्रणाली की कमजोरियों को उजागर करता है। देश में हर दवा बैच की जांच का नियम तो है, लेकिन कई छोटी और मध्यम फार्मा इकाइयां इसे नजरअंदाज करती है। जो सिरप तमिलनाडु की यूनिट से निकला, उसमें डीईजी का ऊंचा स्तर संकेत है कि या तो कच्चे माल की जांच नहीं हुई, या फैक्ट्री में मिलावट को नजरअंदाज किया गया। पिछले साल देशभर में 100 से ज्यादा सिरप गुणवत्ता के अनुरूप नहीं मिले थे। सिरप में ग्लिसरीन मिलाई जाती है, जिससे दवा गाढ़ी और मीठी बनती है। ग्लिसरीन वैसे तो सुरक्षित होती है, लेकिन जब ग्लिसरीन की जगह या गलती से या सस्ते विकल्प के रूप में डाई एथिलीन ग्लाइकॉल डीईजी या एथिलीन ग्लाइकॉल यानी ईजी जैसे केमिकल उसमें मिल जाते हैं तो समस्या होती है। ये केमिकल असल में औद्योगिक उपयोग के लिए बने होते हैं जैसे ब्रेक ऑयल, पेंट, और इंजन कूलेंट। कई बार फैक्ट्रियों में टैंक, पाइपलाइन ठीक से साफ नहीं किए जाते। इससे 4 पुराने औद्योगिक रसायनों के अंश ग्लिसरीन में मिल जाते हैं। कभी-कभी सप्लायर सस्ती नकली ग्लिसरीन देते हैं। जब यही दूषित ग्लिसरीन सिरप में प्रयोग होती है, तो कफ सिरप जहरीला बन जाता है। बीते महीने में यूपी में आगरा से नकली दवाइयों की बड़ी खेप बरामद हुई थी। आगरा में नकली दवाओं के कारोबारियों के कनेक्शन देशभर में फैले हुए थे। हालिया मौतों के बाद बड़ा सवाल यही है कि डब्ल्यूएचओ की चेतावनी, पुरानी घटनाओं के बाद भी देश में ऐसे मामले दोबारा कैसे आए, क्या फैक्ट्रियों में जांच कागजों तक सीमित है, क्या ड्रग कंट्रोल विभाग सही निरीक्षण कर रहे है? जवाब जांच रिपोर्ट में मिल सकता है, लेकिन फिलहाल देश के लोगों में चिंता है। ऐसे हादसों को या तो कमतर दर्शाया जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि विगत में भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसी ही शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। भारत की फार्मा कंपनियों के द्वारा तैयार सिरप से गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत का लिंक पाए जाने के बाद भारतीय दवाओं पर प्रतिबंध लगाए गए थे। निस्संदेह, ऐसे गैर-जिम्मेदार तरीके से तैयार दवाइयों के चलते भारत की 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में हासिल प्रतिष्ठा को ही नुकसान पहुंचा है।

हमारे नियामक तंत्र को और कितने बच्चों के मरने का इंतजार है.. जरूरी है इससे पहले गुणवत्ता नियंत्रण सिर्फ कागज पर नहीं व्यवहार में लागू करने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने दवाइयों के गुणवत्ता मानकों को तय करने के लिए सख्त तरीके जीएमपी अनुपालन हेतु समय-समय पर निरीक्षणों के लिये कदम उठाए हैं। लेकिन प्रवर्तन के स्तर पर अभी भी तमाम खामियां बरकरार हैं। विडंबना यह है कि राज्य नियामकों के पास पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिए यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी, जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## शताब्दी गाथा
डॉ. सुशील टाया



# व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण संघ का मूल उद्देश्य


आज हम सब गर्व और आनंद का अनुभव कर रहे हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी शताब्दी यात्रा पूरी कर ली है। इन सौ वर्षों में संघ ने केवल संगठन ही नहीं खड़ा किया, बल्कि समाज में अनुशासन, सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की ज्योति भी प्रज्वलित की है। संघ का मूल उद्देश्य रहा है व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण। शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन, निस्वार्थ सेवा, आत्मविश्वास, समरसता और संगठन की भावना जागृत की हैं। समाज के हर वर्ग में समरसता और राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव स्थापित करना के साथ - साथ शिक्षा, ग्राम विकास, स्वदेशी, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सेवा कार्यों के क्षेत्र में संघ ने निरंतर योगदान दिया है। आपदा और संकट की घड़ी में स्वयंसेवक बिना भेदभाव समाज की सेवा में अग्रणी रहे।संघ ने जहां भारतीय संस्कृति और परंपरा को संरक्षित किया और वहीं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु 'स्वदेशी व स्वावलंबन' का संदेश भी दिया। 'हिंदू ही नहीं, संपूर्ण समाज मेरा अपना है' की भावना से समाज में बंधुत्व और आपसी सद्भाव की भावना बढ़ाई है। सौ वर्ष पूरे कर संघ नए उत्साह के साथ एकात्म मानववाद और अखण्ड भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। संघ ने अपने स्वयंसेवक के परिश्रम के बल पर विश्व भर में सबसे बड़ा संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है।

राष्ट्रनिष्ठा, संगठनशीलता, आत्मानुशासन, सेवा, समर्पण, त्याग, कर्तव्यपरायणता, स्वावलंबन, निष्ठा, सहयोग, लोककल्याण, चरित्र निर्माण, अनुशासन, परमार्थ, साधना, एकात्मता, स्वदेशभक्ति, संयम, परिश्रम, समरसता संघ के गुर मंत्र हैं, जिनके आधार पर समाज कल्याण के कार्य में बिना रुके, बिना थके स्वयंसेवक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के सपनों को साकार करने में लगे हैं। सबको जोड़ने वाले, सबको साथ लेकर चलने वाले, सबकी एक साथ उन्नति करने का मार्ग सर संघचालक मोहन भागवत ने विजयदशमी पर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संघ के कार्यों की खुले मन से प्रशंसा करना और शताब्दी वर्ष में डाक टिकट व सिक्का जारी करना इस बात का संकेत है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश की आज़ादी के आंदोलन से लेकर आज़ तक राष्ट्र को सर्वोपरि माना है। सामाजिक, आर्थिक व प्राकृतिक आपदा सहित अन्य विकट परिस्थितियों में स्वयंसेवकों ने हमेशा तन,धन और मन से भारत माता के लिए कार्य किया है। राष्ट्र के लिए चिंतन व मनन करते हुए संघ ने पंच परिवर्तन का निर्णय लिया है। इसलिए व्यवस्था परिवर्तन के लिए समाज का प्रबोधन तथा उसके आचरण का परिवर्तन यह व्यवस्था परिवर्तन के लिए अत्यंत आवश्यक माना है। यह परिवर्तन एक दम से नहीं हो सकता, इसलिए आचरण में परिवर्तन करने के लिए शाखा में प्रतिदिन जाने पर बल दिया गया है। स्वयंसेवकों को समाज के लिए उदाहरण बनना पड़ेगा।

शताब्दी वर्ष में संघ ने प्रत्येक व्यक्ति के आचरण में परिवर्तन लाने का निर्णय लिया ताकि समाज का मन, वचन व कर्म से ऐसा व्यवहार हो जाए कि वह अपने नैतिक कर्तव्यों, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर स्व का बोध और स्वदेशी चीज़ों का प्रयोग करना आरंभ कर दें। पंच परिवर्तनों में कुटुम्ब प्रबोधन में हर घर को संस्कारों का केंद्र बनाना। प्रत्येक सदस्य में कर्तव्य, नैतिकता और सेवा भाव की ज्वाला जलाना। संवाद और सहयोग से घर सशक्त बनता है। बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपरा का बोध कराया जाए। आदर्श आचरण और मर्यादा घर-घर में झलके। मातृभूमि और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव परिवार में गहरा हो। सेवा और सहकारिता की भावना हर कार्य में दिखाई दे। छोटे प्रयासों से परिवार आत्मनिर्भर और संस्कारित बने। ऐसे परिवार ही सशक्त समाज और महान राष्ट्र का आधार हैं। संघ ने यह सिद्ध किया है कि छोटे-छोटे परंतु सतत प्रयास भी राष्ट्र की शक्ति, एकता और गौरव को असाधारण ऊँचाई दे सकते हैं। संघ का दृष्टिकोण केवल विचार का नहीं, बल्कि व्यवहार का भी है, वह व्यक्ति में स्व का बोध जगाकर समाज को संगठित करता है और राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करता है। यही पंच परिवर्तन का सार है, व्यक्ति से राष्ट्र तक, विचार से क्रिया तक, और स्वयं जागृति से समाज सेवा तक का सतत प्रवाह। सौ वर्षों की इस साधना ने यह प्रमाणित किया है कि संकल्प, साधना, अनुशासन और सेवा से ही राष्ट्रीय जीवन समृद्ध और उन्नत बनता है। संघ का यह कार्यकाल भारतीय संस्कृति, एकता और राष्ट्रभाव का जीवंत प्रतीक बन गया है, जो आने वाले शताब्दियों तक भारत को दिशा और प्रेरणा देता रहेगा।

*( लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
**दर्शन**

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।


## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित
**प्रेरणा**

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता व गुणवत्ता में सुधार हो

राजस्थान और मध्यप्रदेश में कफ सिरफ की दवा के सेवन के बाद बच्चो की हुई मौते से सनसनी फैल गई है।मासूम बच्चो की मौत के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई। चिकित्सक भगवान का रूप माना गया है। आज भी देश में डॉक्टर को नेक्सट टू गॉड की उपमा दी जाती है। देश में हजारो किस्म की दवाइयां निर्मित हो रही है। विदेशो से भी दवाईंया आयात की जा रही है। आज वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं में दवा संजीवनी का काम करती है। देश के दवा कम्पनियों की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए समय समय पर जांच होनी चाहिए। दवा की गुणवत्ता, दवा की मिलावट, दवा आपूर्ति में लापरवाही और विपणन प्रथाओं के लिए नियम सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। मरीज को पूरा भरोसा अपने डॉक्टर पर होता है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### टीएमसी का जंगलराज



बंगाल में एक बार फिर उजागर हुआ टीएमसी का जंगलराज ! बाढ़ राहत कार्य में जुटे भाजपा सांसद व आदिवासी नेता खगेन मुर्मू पर टीएमसी गुंडों द्वारा जानलेवा हमला अतिनिंदनीय है। आज बंगाल का शासन निष्ठुर हो गया है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**


### मियाजी ताकुमा से चर्चा



जापान के विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा से चर्चा हुई। हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने पर विचार किया गया। मैंने अगले साल अप्रैल में प्रस्तावित 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में भागीदार देश बनने का आमंत्रण दिया।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**


### पैरा एथलीटों को बधाई



नई दिल्ली में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए हमारे पैरा एथलीटों को हार्दिक बधाई, जिन्होंने पदक जीतकर देश का मनोबल बढ़ाया और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आपका धैर्य, समर्पण और उत्कृष्टता हर भारतीय के लिए प्रेरणा है।

**- भूपेन्द्र पटेल, सीएम, गुजरात**

### हमले का प्रयास शर्मनाक




आज उच्चतम न्यायालय में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश पर हमले का प्रयास शर्मनाक और घृणित है। यह हमारी न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर हमला है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर

### अमेरिकी सील ने लादेन के सिर में गोली मारी थी: ट्रंप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर धावा बोलने और उसके सिर में गोली मारने वाले अमेरिकी नेवी सील के जवान थे। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि 2001 में अल-कायदा आतंकवादियों द्वारा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावर्स पर हमले से एक साल पहले ही उन्होंने लादेन के बारे में चेतावनी दी थी। अमेरिकी नौसेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष समारोह के दौरान रविवार को वर्जीनिया के नॉरफोक में ट्रंप ने कहा, 'इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि वो नेवी सील के जवान थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन के परिसर में घुसकर उसके सिर में गोली मारी थी। याद रखिएगा।' ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 9/11 हमले से एक साल पहले ही अधिकारियों से लादेन पर नजर रखने को कहा था। उन्होंने कहा, 'कृपया याद रखें, मैंने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले से ठीक एक साल पहले ओसामा बिन लादेन के बारे में लिखा था। मैंने कहा था, 'आपको ओसामा बिन लादेन पर नज़र रखनी होगी।' मैंने एक साल पहले कहा था कि मैंने ओसामा नाम के एक व्यक्ति को देखा है और मुझे वह पसंद नहीं आया। मैंने कहा था कि उस पर नजर रखनी होगी।'

## ऑफ बीट

### क्या बच्चों को विटामिन वाले पूरक आहार देने की जरूरत है



यह सत्य है कि बच्चों को स्वस्थ विकास के लिए विटामिन ए, बी, सी, डी, ई और के के साथ-साथ फोलिक एसिड, कैल्शियम, आयोडीन, आयरन और जिंक जैसे विटामिन और खनिजों की एक विस्तृत शृंखला की आवश्यकता होती है। ये पोषक तत्व मस्तिष्क और तंत्रिका तंतुओं के विकास, दृष्टि, हड्डियों की मजबूती, प्रतिरक्षा प्रणाली, मेटाबोलिज्म यानी चयापचय और स्वस्थ वजन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, अधिकतर स्वस्थ बच्चों के लिए, ये पोषक तत्व खाद्य पदार्थों से मिल सकते हैं – न कि सप्लीमेंट्स से। यह भी सही है कि चुनिंदा तरीके से खाने की आदतों वाले बच्चे भी सामान्यत: रोज़मर्रा के खाद्य पदार्थों से पर्याप्त पोषण प्राप्त कर लेते हैं, जिनमें से कई में पोषक तत्वों को अतिरिक्त रूप से जोड़ा जाता है। सामान्य खाद्य पदार्थ जैसे नाश्ते के अनाज, दूध और रोटी में अक्सर विटामिन बी, आयरन, कैल्शियम और आयोडीन जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। सप्लीमेंट्स के बारे में विज्ञान क्या कहता है। हालांकि कई बच्चों के सप्लीमेंट्स प्रतिरक्षा, वृद्धि या समग्र विकास का दावा करते हैं, लेकिन इस बात का कोई मजबूत वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि ये स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करते हैं या स्वस्थ बच्चों में बीमारियों को रोकते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# शिवराज ने अनार की फसल पर रोगों के प्रकोप की तत्काल जांच के लिए दिए निर्देश

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों की टीम करेगी सघन जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*राजस्थान के बालोतरा एवं आसपास के क्षेत्रों में अनार की फसल प्रभावित होने की शिकायत पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने लिया संज्ञान*

राजस्थान के बालोतरा जिले एवं आसपास के अनार बाहुल्य क्षेत्रों में टिकड़ी रोग सहित विभिन्न रोगों से फसल प्रभावित होने संबंधी समाचारों और शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं।

चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक को निर्देशित किया है कि वैज्ञानिकों की एक विशेष टीम अनार के प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल दौरा कर स्थिति का आकलन करे। यह टीम फसल में हो रहे रोगों के कारणों, मौजूदा प्रबंधन उपायों और किसानों द्वारा अपनाई जा रही तकनीकों का विस्तृत अध्ययन करेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि वैज्ञानिकों की जांच रिपोर्ट के आधार पर व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिसमें पौधों की छंटाई, रोग प्रबंधन, उर्वरक एवं कीटनाशक के समुचित प्रयोग तथा आधुनिक बागवानी तकनीकों को बढ़ावा देने के उपाय शामिल होंगे।

उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रभावित किसानों को निर्यात गुणवत्ता के अनार उत्पादन व रोग प्रबंधन के लिए केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर, राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र सोलापुर, काजरी जोधपुर और संबंधित कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ मिलकर प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। चौहान ने कहा कि यह समस्या सामूहिक प्रयास से ही नियंत्रित हो सकती है और इसके लिए केंद्र एवं राज्य के कृषि/बागवानी विभाग, अनुसंधान संस्थान तथा कृषि विज्ञान केंद्र मिलकर कार्य करेंगे, ताकि किसानों की समस्या का समुचित समाधान हो और उनकी आय एवं उत्पादन दोनों में वृद्धि हो सके।

# कांग्रेस ने बिगड़ती कानून व्यवस्था और दलितों पर बढ़ते अत्याचारों पर मुख्यमंत्री योगी का इस्तीफा मांगा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और दलितों पर बढ़ते अत्याचारों को लेकर भाजपा सरकार को घेरते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस्तीफा मांगा है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और सांसद इमरान मसूद ने रायबरेली में दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या समेत अन्य घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। गौतम ने कहा कि पिछले दस वर्षों में उत्तर प्रदेश में दलितों के खिलाफ क्रूर हमलों, बलात्कार, हत्याओं, सामाजिक बहिष्कार, संस्थागत भेदभाव की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि देश के पांच भाजपा शासित राज्यों में दलित उत्पीड़न की 75 फीसदी घटनाएं हुईं, जबकि 26.2 प्रतिशत अकेले उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई हैं। 2023 में देशभर में दलितों के खिलाफ अपराध के 57,789 मामले दर्ज हुए, जिनमें से सबसे अधिक 15,130 मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज हुए। गौतम ने इस वर्ष की दलित उत्पीड़न की कुछ ताजा घटनाओं का उल्लेख भी किया। गौतम ने रायबरेली की हालिया घटना का जिक्र करते हुए एक वीडियो दिखाया, जिसमें एक दलित युवक हरिओम की हमलावरों द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और जब मरने से पहले उसने राहुल गांधी का नाम लिया तो उसका मजाक उड़ाया गया। गौतम ने मांग की कि योगी राज्य में दलित उत्पीड़न की घटनाओं की ज़िम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें। पीड़ित परिवारों को एक-एक करोड़ मुआवजा और प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। उन्होंने एसआईटी द्वारा ऐसे मामलों की जांच कराने और फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से दोषियों को सख्त सजा दिए जाने की भी मांग की। मसूद ने कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार कानून का राज स्थापित करने में पूरी तरह विफल रही है और उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार में नंबर वन बन गया है। वहां दलितों, महिलाओं और मुसलमानों के खिलाफ अपराध भी चरम पर है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की बुलडोजर कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का उल्लंघन कर रही है।देश में कानून का नहीं, बल्कि भाजपा की विचारधारा के नियमों का राज है। भाजपा सरकार उन लोगों को बचा रही है जो हिंसा फैलाते हैं, जबकि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों पर लाठी और गोली चलाई जा रही है। बरेली की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2,800 लोगों को नामजद किया गया है, पोस्टर थामने पर कार्रवाई हो रही है, जबकि सड़कों पर उत्पात मचाने वालों को समझाकर छोड़ दिया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि राहुल ने मृतक हरिओम के परिवार से फोन पर बात की है। इसके अलावा अमेठी से कांग्रेस सांसद केएल शर्मा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने रायबरेली में पीड़ति परिवार से मुलाकात की है। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी जल्द ही एक फैक्ट-फाइंडिंग टीम बनाकर दलित उत्पीड़न की घटनाओं की जांच करेगी और एक विस्तृत रिपोर्ट जारी करेगी।

### छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्षगांठ

# राष्ट्रपति को सीएम साय ने दिया न्योता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य भेंट की। यह मुलाक़ात सौहार्द्रपूर्ण और सार्थक रही।

इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू एवं मुख्यमंत्री प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्षगांठ के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास और उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की।

# सीएम साय ने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से की सौजन्य भेंट और राज्योत्सव के समापन का दिया आमंत्रण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति को आगामी राज्योत्सव के समापन समारोह में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने राज्योत्सव के महत्व और छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्षगांठ के संदर्भ में उपराष्ट्रपति को जानकारी दी। उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू एवं मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# नए पोतों का नामकरण होगा छग की नदियों के नाम पर, प्रदेश में सेना भर्ती रैली का प्रस्ताव

## सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात के दौरान रक्षामंत्री ने जताई सहमति



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाक़ात की। बैठक में बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार, रक्षा क्षेत्र के विकास, पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन एवं नौसैनिक पोतों के नामकरण जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित थे। साय ने बैठक के दौरान रक्षा मंत्री सिंह को अवगत कराया कि बिलासपुर में रक्षा मंत्रालय की भूमि है। इस भूमि को उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक कार्य भी आरंभ करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि छत्तीसगढ़ में सेना में भर्ती होने के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं में अनुशासन, शारीरिक क्षमता और देशभक्ति की भावना है। इस आधार पर उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि पूरे प्रदेश में विशेष 'सेना भर्ती रैलियों का आयोजन किया जाए, जिससे युवाओं को अपने ही प्रदेश में देश सेवा का अवसर मिल सके।

सिंह ने मुख्यमंत्री के इस आग्रह का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश के हर कोने से योग्य युवाओं को सेना में जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन का आश्वासन दिया।बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की नदियां इंद्रावती, महानदी केवल जलस्त्रोत नहीं, बल्कि प्रदेश की आत्मा हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि रक्षा मंत्रालय जब भी नए नौसैनिक पोतों या जहाजों को लॉन्च करे, तो उनमें से कुछ का नाम छत्तीसगढ़ की नदियों और क्षेत्रों के नाम पर रखा जाए, जैसे आईएनएस इंद्रावती, आईएनएस महानदी या आईएनएस बस्तर। यह न केवल प्रतीकात्मक रूप से सुंदर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्रदान करेगा।

सिंह ने इस सुझाव की सराहना करते हुए कहा कि यह विचार भारत की विविधता और एकता को प्रतिबिंबित करता है। रक्षा मंत्रालय इस पहल पर विचार करेगा और उपयुक्त अवसर पर इसे लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति के तहत रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को प्रोत्साहन देने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विज़न के अनुरूप है और इससे छत्तीसगढ़ में उच्च तकनीकी प्रशिक्षण, अनुसंधान और निजी निवेश के अवसर बढ़ेंगे।



# मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को हराया


हैलेंड प्रीमियर लीग



**लंदन।** एर्लिंग हैलेंड के मौजूदा सत्र के नौवें प्रीमियर लीग गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को 1-0 से हरा दिया। हैलेंड प्रीमियर लीग फुटबॉल के मौजूदा सत्र में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। मैनचेस्टर सिटी को हालांकि पहले हाफ में उस समय झटका लगा जब रोड्री दाएं पैर में चोट के कारण मैच से बाहर हो गए। इस जीत से सिटी की टीम पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल से तीन अंक पीछे है। क्रिस्टल पैलेस को एवर्टन के खिलाफ 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जिससे सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 19 मैच से अजेय रहने का उसका रिकॉर्ड क्रम टूट गया। क्रिस्टल पैलेस की टीम इससे पहले कभी इतने मैच में अजेय नहीं रही। क्रिस्टल पैलेस की 16 अप्रैल 2025 के बाद यह पहली हार है।

# बार्सीलोना की लगातार दूसरी हार

स्पेनिश फुटबॉल लीग



**मैड्रिड।** बार्सीलोना को स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेविला के खिलाफ 1-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार दूसरी हार है। मैच के दौरान बार्सीलोना के लेमिन यमाल चोटिल हो गए जबकि स्टार रॉबर्ट लेवानदोवस्की पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। चैंपियन्स लीग में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ हार के बाद सेविला के खिलाफ मिली शिकस्त से बार्सीलोना की टीम को अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान कई सवालों के जवाब खोजने होंगे। इस नतीजे के बाद रियाल मैड्रिड की टीम अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। टीम ने बार्सीलोना पर दो अंक की बढ़त बना रखी है, जो सेविला के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रतियोगिता में अजेय थी।

# पेनल्टी गोल करने से चूके पुलिसिच

सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट



**रोम।** बेहतरीन फॉर्म में चल रहे क्रिस्टियन पुलिसिच पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए, जिससे एसी मिलान को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यूवेंटस के खिलाफ अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस ड्रॉ के साथ एसी मिलान के लगातार पांच जीत के क्रम पर भी विराम लग गया।

पुलिसिच ने मौजूदा सत्र में मिलान की ओर से छह गोल दागे हैं और दो गोल करने में मदद की है लेकिन पेनल्टी पर लिया गया उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। पुलिसिच के पेशेवर करियर में यह सिर्फ दूसरा मौका है जब वह पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे हैं। पिछले सत्र में टोरिनो के गोलकीपर सर्गेज मिलिनकोविच सेविच ने उनके शॉट को रोक दिया था।

## खबर संक्षेप



### न्यूयॉर्क स्क्वाश में जीते सेंथिलकुमार, चोटरानी

**न्यूयॉर्क।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने न्यूयॉर्क में चल रहे 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने पाकिस्तान के मोहम्मद असब इरफान को पहले दौर में 11-2, 11-8, 14-12 से हराया। चोटरानी ने हमवतन अभय सिंह के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 6-11, 11-6, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज की।

### आर्कटिक ओपन में भारतीय खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती

**वंता (फिनलैंड)।** भारत की मजबूत टीम मंगलवार से शुरू हो रहे आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरेगी तो सभी की नजरें लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर होंगी, जिन्हें मौजूदा सत्र में अपने पहले खिताब का इंतजार है। मौजूदा सत्र में हांगकांग ओपन के उपविजेता लक्ष्य को पहले दौर में जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त कोडाई नाराओका की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को नाराओका को हराने के लिए आक्रामकता और संयम के बीच संतुलन बनाना होगा क्योंकि विरोधी खिलाड़ी का डिफेंस मजबूत है और वह कमजोर खेल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

### अफ्रीका ने महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड को हराया

**इंदौर।** दक्षिण अफ्रीका ने महिला वनडे विश्व कप मैच में सोमवार को यहां न्यूजीलैंड को छह विकेट से शिकस्त देकर अपनी जीत का खाता खोला। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड की पारी को 231 रन पर समेटने के बाद 40.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर आसान जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका के लिए ताजमिन ब्रिट्स ने 101 जबकि सुने लुस ने नाबाद 81 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 170 गेंद में 159 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। न्यूजीलैंड की यह दो मैचों में लगातार दूसरी हार है।

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत का बेहतरीन प्रदर्शन, 22 पदक, 30 से ज्यादा पर्सनल बेस्ट, तालिका में 10वां स्थान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप रविवार 5 अक्टूबर को संपन्न हो गया। मेजबान भारत ने इसमें कुल 22 मेडल अपने नाम किए, जिसके दम पर वो मेडल तालिका में 10वें स्थान पर रहा। आखिरी दिन चार पदक जीतने के बावजूद तालिका में स्थान के लिहाज से ये उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं रहा। भारत का तालिका के लिहाज से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले सीजन में कोबे में रहा था। वह कुल 7 पदकों के साथ छठे स्थान पर रहा था।

### भारत रहा दसवें स्थान पर

वहीं आखिरी दिन से पहले कोलंबिया,ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड्स, इटली, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड के साथ भारत संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहा था, जिनके पास 6-6 गोल्ड मेडल थे। हालांकि, टॉप पांच में जगह बनाने की होड़ में ईरान ने तीन गोल्ड जीते और तीसरे स्थान पर रहा। नीदरलैंड और पोलैंड ने क्रमशः दो और तीन गोल्ड जीतकर टॉप पांच में जगह बनाई। जबकि कोलंबिया, ग्रेट ब्रिटेन और इटली ने एक-एक गोल्ड मेडल जीतकर भारत को दसवें स्थान पर धकेल दिया।



### भारत ने तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए

*वहीं भारत ने इस प्रतियोगिता में तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ 64 वर्ग में 71.37 मीटर भाला फेंककर चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। बहु-राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के पहले गोल्ड मेडल विजेता शैलेश कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी42 स्पर्धा में 1.91 मीटर की छलांग लगाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बने रिंकू हुड्डा ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 66.37 मीटर की*



*दूरी तय करके चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। भारतीय पैरा एथलीटों ने इस आयोजन में 30 व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किए।*

### गोल्ड मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| सिमरन गोल्ड | - महिला 100मीटर टी12 |
| शैलेश कुमार | - पुरुष ऊंची कूद टी63 |
| रिंकू हुड्डा | - पुरुष भाला फेंक एफ46 |
| सुमित अंतिल | - फुरुष भाला फेंक एफ64 |
| संदीप सर्गर | - पुरुष भाला फेंक एफ44 |
| निषाद कुमार | - पुरुष ऊंची कूद टी47 |

### सिल्वर मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| सिमरन शर्मा | - महिला 200 मीटर टी12 |
| प्रीति पाल | - महिला 200 मीटर टी35 |
| एकता भयान | - महिला क्लब थ्रो एफ51 |
| दीप्ति जीवनजी | - महिला 400 मीटर टी20 |
| नवदीप सिंह | - पुरुष भाला फेंक एफ41 |
| धरमबीर नैन | - पुरुष क्लब थ्रो एफ51 |
| संदीप | -पुरुष भाला फेंक एफ44 |
| योगेश कथुनिया | - पुरुष डिस्कस थ्रो एफ56 |
| सुंदर सिंह गुर्जर | - पुरुष भाला फेंक एफ46 |

### ब्रॉन्ज मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| संदीप | पुरुष 200 मीटर टी44 |
| सोमन राणा | पुरुष गोला फेंक एफ57 |
| प्रवीण कुमार | पुरुष ऊंची कूद टी64 |
| प्रीति पाल | महिला 200 मीटर टी35 |
| प्रदीप कुमार | पुरुष चक्का फेंक एफ44 |
| अतुल कौशिक | पुरुष चक्का फेंक एफ57 |
| वरुण सिंह भाटी | पुरुष ऊंची कूद टी63 |

पैरा बैडमिंटन

# अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में प्रमोद ने जीते तीन गोल्ड मेडल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा।

सैंतीस वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार अपने स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे। भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता, जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला, जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता।

### सरदार पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर से पदयात्रा

*नई दिल्ली। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय 31 अक्टूबर को देश के सभी जिलों में पदयात्राओं के साथ भारत के पहले गृह मंत्री और दिग्गज स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाएगा। युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने ध्यानचंद स्टेडियम में 'सरदार@150' एकता दौड़ पहल का शुभारंभ किया। मांडविया ने कहा, 'सरदार@150 केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है। जिस तरह सरदार पटेल ने एक मजबूत और अखंड भारत के निर्माण के लिए 560 से अधिक रियासतों को एकजुट किया उसी तरह यह पहल युवा भारतीयों की ऊर्जा को राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में ले जाने का प्रयास करती है।'*

### भारतीय क्रिकेटर पहली बार खेलेंगे लंका प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के आयोजकों ने घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसका छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टी20 टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे, जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल हैं। ये मैच तीन प्रमुख स्थलों कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा।' इस प्रारुप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी। राउंड रोबिन चरण के अंत में शीर्ष चार में रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएंगी।

### एनएसए कार कप ...



**कॉनकॉर्ड।** चार्लोट मोटर स्पीडवे पर एनएसए कार कप सीरीज ऑटो रेस जीतने के बाद विक्ट्री लेन में ट्राफी के साथ जश्न मनाते हुए शेन वैन गिस्बर्गेन।

# टेनिस प्रीमियर लीग में बोपन्ना डार्डेरी-मौटेट पेश करेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और विश्व के 29वें नंबर के खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी सहित शीर्ष-50 रैंकिंग में शामिल कम से कम तीन एकल खिलाड़ी 9 दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे। विश्व के 38वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट और उनके हमवतन विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर मुलर इस लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे, जिसकी नीलामी 9 अक्टूबर को मुंबई में होगी। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन बोपन्ना ने पिछले साल टीपीएल में पदार्पण किया था। वह एसजी पाइपर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली के डार्डेरी राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि मौटेट गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मुलर और आर्थर रिंडरकनेच (विश्व के 54वें नंबर के खिलाड़ी) क्रमशः गुजरात पैंथर्स और हैदराबाद स्ट्राइकर्स की टीम को मजबूत करेंगे। लीग में बोस्निया एवं हर्जेगोविना के दामिर जुम्हुर (पूर्व विश्व नंबर 23, वर्तमान नंबर 67) यश मुंबई ईगल्स और अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी (विश्व नंबर 58) जीएस दिल्ली एसेस का प्रतिनिधित्व करेगे।

### डनहिल लिंक्स : संयुक्त 61वें स्थान पर शुभंकर

**कार्नोस्टी।** शुभंकर शर्मा मौसम से प्रभावित अल्फर्ड डनहिल लिंक्स गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर रहे। खराब मौसम के कारण प्रतियोगिता को तीन दौर और 54 होल तक सीमित कर दिया गया। शुभंकर ने अंतिम दौर में दो बर्डी और एक बोगी की। उनका कुल स्कोर पांच अंडर रहा। इंडियन ओपन के बाद वह पहली बार कट हासिल करने में सफल रहे। राइडर कप विजेता रॉबर्ट मैकिनटायर ने लगातार तीसरे दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से कुल 18 अंडर के स्कोर के साथ चार शॉट से खिताब जीता। मैकिनटायर ने अंतिम दौर में सात बर्डी और एक बोगी की।

नेट स्किवर ब्रंट और निगार सुल्ताना की टीमों के बीच मुकाबला आज 3 बजे से

# बांग्लादेश के मुकाबले इंग्लैंड की मजबूत दावेदारी

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

अनुभवी खिलाड़ियों से सजी चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम मंगलवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। दोनों टीम ने अपने-अपने शुरुआती मैच जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया जबकि इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर ढेर करने के बाद 10 विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि अगर स्तर और उपलब्ध विकल्पों पर गौर करें तो इंग्लैंड अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे है। टैमी ब्यूमोंट, एमी जोन्स, हीथर नाइट, नैट स्किवर-ब्रंट, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन बेल और सोफिया डंकले जैसी क्षमतावान खिलाड़ियों के साथ इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। ये वैश्विक स्तर पर महिला क्रिकेट में बहुत बड़े नाम हैं और विश्व कप जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से परिचित हैं।



### बांग्लादेश की टीम अनुभवी नहीं

दूसरी ओर कप्तान और विकेटकीपर दोनों की भूमिका निभाने वाली निगार सुल्ताना, रुबिया हैदर, निशिता अख्तर निशी और सुमैया अख्तर जैसी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में बांग्लादेश की उम्मीदों का भार संभाल रही हैं। लेकिन बांग्लादेश की टीम इंग्लैंड की टीम जितनी अनुभवी या मजबूत नहीं है, जिसकी नजरें अपने पांचवें एकदिवसीय विश्व खिताब पर टिकी हैं। इंग्लैंड ने पिछली बार 2017 में इस टूर्नामेंट को जीता था। चार दिन पहले इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को हराने और अपने पहले मैच से पूर्व यहां कुछ समय तक अभ्यास करने के बाद पारंपरिक रूप से मजबूत इंग्लैंड यहां की परिस्थितियों से परिचित हो गया है।

### इंग्लैंड-बांग्लादेश के पास पिच का फायदा उठाने पर्याप्त ताकत

अगर गेंदबाज अनुशासित लाइन और लेंथ बनाए रखें और विविधता का इस्तेमाल करें तो उन्हें यहां सफलता मिलने की संभावना है और इंग्लैंड तथा बांग्लादेश दोनों के पास इस पिच का फायदा उठाने के लिए पर्याप्त ताकत है।

इंग्लैंड की गेंदबाजों का अनुभव काम आएगा क्योंकि लिंसे स्मिथ, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन की स्पिन तिकड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने सफल प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विरोधी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। जहां तक बल्लेबाजों और ऑलराउंडर का सवाल है तो इंग्लैंड का पलड़ा भारी है और बांग्लादेश के लिए यह एक बड़ी चुनौती होगी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | एम.सी. महेन्द्रगढ़ में फ्रैक्शंस के वैज्ञानिक निपटान और लीगेसी कचरे का रिमेडियेशन और भूमि रिक्लेमेशन। | बंद होने की तिथि 13.10.2025 | रु. 291.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 secy.mcmgh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39293/I/88/7 दि. 06.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | वार्ड नं. 22, एम.सी. सिरसा में गलियों की मरम्मत और रखरखरखाव तथा अन्य विविध कार्य। | 02.10.2025 08.10.2025 | रु. 100.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9654941067 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39283/I/88/7 दि. 06.10.25




## ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत को पाकिस्तान के खिलाफ समुद्री क्षेत्र में मिलेगी सैन्य-सामरिक बढ़त

# नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल हुआ पनडुब्बी रोधी युद्धकौशल में निपुण 'आन्द्रोत' पोत, मिला स्वदेशी का तोहफा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से लगी देश की पश्चिमी सीमा पर बने हुए तनाव के बीच सोमवार को पनडुब्बी रोधी युद्धकौशल (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) में माहिर पोत 'आईएनएस आन्द्रोत' नौसेना के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल हो गया है।

इस बाबत विशाखापट्टनम स्थित नौसैन्य शिपयार्ड में एक समारोह आयोजित किया गया था। जिसकी अध्यक्षता बल की पूर्वी कमांड के प्रमुख (एफओसी-इन-सी) वाइस एडमिरल राजेश पेंढ़ारकर ने की। यह पोत उथले जल में पनडुब्बी रोधी युद्ध के अलावा क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और समुद्री सहयोग को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी बेहतरीन प्रमाण प्रस्तुत करता है। इसके अलावा किसी भी प्रकार के समुद्री विवादों के दौरान देश की समुद्री शक्ति को मजबूती प्रदान करने में भी इससे मदद मिलेगी। नौसेना ने 6 अक्टूबर को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

### लक्षद्वीप के एक द्वीप से मिला आन्द्रोत नाम

नौसेना ने कहा कि आन्द्रोत उक्त श्रेणी का दूसरा डीजल इंजन चालित पोत है। जिसकी कुल लंबाई 77 मीटर और वजन यानी विस्थापन क्षमता 1500 टन है। इसका निर्माण रक्षा क्षेत्र के कोलकाता में मौजूद स्वदेशी शिपयार्ड एम/एस गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स



(जीआरएसई) ने किया है और इसमें 80 फीसदी तक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। यह समुद्री आत्मनिर्भर भारत का जगमगाता उदाहरण प्रस्तुत करता है।

पोत का नाम लक्षद्वीप के सबसे बड़े द्वीप आन्द्रोत से लिया गया है। जो भारत के समुद्री क्षेत्र में अपने ऐतिहासिक और सामरिक महत्व के लिए जाना जाता है। आन्द्रोत लक्षद्वीप समूह के उत्तरी भाग में स्थित एक द्वीप है। नौसेना को इस पोत के जरिए तटीय और कम पानी वाले इलाकों में अपने सैन्य अभियानों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इसका निर्माण स्टेट ऑफ द आर्ट पनडुब्बी हमलों से बचाव के लिए किया गया है।

### यूं खतरों से दो-दो हाथ करेगा आन्द्रोत

आन्द्रोत पोत में उन्नत श्रेणी के हथियार, सेंसर, संचार सिस्टम और उप-सतही खतरों को पहचानकर बेहद सटीकता के साथ उन्हें पकड़कर ध्वस्त करने की क्षमता मौजूद है। उथले या कम पानी में लंबी अवधि के अभियानों का संचालन करने के लिए इस पोत को तकनीकी आधार पर उन्नत मशीनरी और कंट्रोल सिस्टम से लैस किया गया है। साथ ही यह काफी फुर्तीला और घुमावदार भी है। जिससे इसकी क्षमताओं को समुद्री निगरानी, खोज और बचाव, तटीय रक्षा अभियानों और कम आवृत्ति वाले समुद्री अभियानों (एलआईएमओ) जैसे क्षेत्रों तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है। यह तमाम खूबियां आन्द्रोत को तटीय अभियानों के लिए मुफीद एक बहुमुखी पोत बनाती हैं।

जो साफ तौर पर भारतीय नौसेना को इस इलाके में क्षमता निर्माण और दुश्मन की तरफ से आने वाले खतरों का मुकाबला करने में भी बढ़त प्रदान करता है।

### राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा में मददगार

समारोह को संबोधित करते हुए वाइस एडमिरल पेंढ़ारकर ने स्वदेश में निर्मित आईएनएस आन्द्रोत के सामरिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इसकी मदद से नौसैन्य क्षमता के अलावा देश की समुद्री ताकत को काफी मजबूती मिलेगी। जो राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने पोत का व्यक्तिगत रूप से दौरा किया और उसके कई महत्वपूर्ण भागों को देखा। नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने वाइस एडमिरल पेंढ़ारकर को आन्द्रोत के निर्माण की यात्रा और स्वदेशी क्षमताओं से विस्तार से अवगत कराया। पोत के चालक दल के सदस्यों, जीआरएसई के अधिकारियों से भी पूर्वी कमांड के प्रमुख ने मुलाकात की और उन्हें आन्द्रोत के नौसेना में शामिल होने की बधाई दी।

---

## हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाने पर हुई बातचीत

'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2026' के लिए भी मुख्यमंत्री ने किया आमंत्रित

# मुख्यमंत्री नायब ने जापान दौरे के पहले दिन मंत्रियों से की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान के दौरे पर गए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में जापान के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय चर्चाएं कीं। बैठकों के दौरान हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने और सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने जापान के विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा से मुलाकात की। इस बैठक में हरियाणा और जापान के बीच व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने और आर्थिक दृष्टि से दोनों प्रांतों की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने ताकुमा को आगामी अप्रैल 2026 में आयोजित होने वाले 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में 'पार्टनर कंट्री' के रूप में भागीदारी के लिए औपचारिक निमंत्रण भी दिया।

इसके बाद मुख्यमंत्री सैनी ने जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री कोगा यूइचिरो से भी मुलाकात की। बैठक में दोनों पक्षों ने हरियाणा और जापान की औद्योगिक इकाइयों, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। इस दौरान भविष्य की



मोबिलिटी, हरित ऊर्जा, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स/सेमीकंडक्टर, अवसंरचना और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में संभावित निवेश अवसरों पर संभावनाएं तलाशने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल, विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव श्रीमती अमनीत पी कुमार, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सेइरेन कंपनी साथ किया एमओयू, रोहतक में मेगा प्रोजेक्ट 220 करोड़ रुपये करेगी निवेश

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में जापान की प्रतिष्ठित सेइरेन कंपनी लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत सेइरेन कंपनी रोहतक में अपने मेगा प्रोजेक्ट में 220 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। इस परियोजना से लगभग 1700 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सेइरेन कंपनी लिमिटेड वस्त्र समाधान और उन्नत सामग्री निर्माण में विश्व स्तर पर अग्रणी कंपनी है, जिसके उत्पाद ऑटोमोबाइल, इंटीरियर, पर्यावरण संरक्षण, लाइफस्टाइल, कॉस्मेटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, सेंसर और मैग्नेटिक मटेरियल जैसे कई क्षेत्रों में उपयोग होते हैं।

---

## अमेरिका को बड़ा झटका, भारत आ रही 140 साल पुरानी दवा कंपनी

भारत हेल्थकेयर मैन्युफैक्चरिंग का नया केंद्र

# 8800 करोड़ का पूंजी निवेश करेगी जल्द ही कई पदों पर की जाएगी भर्ती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी कंपनियां देश छोड़कर विदेशों का रुख करने लगी हैं। जिसका सीधा फायदा भारत को हो सकता है। दरअसल, अमेरिका की बड़ी दवा कंपनियों में शुमार एलि लिली ने ऐलान किया कि वह भारत में 1 बिलियन डॉलर (करीब 8800 करोड़ रुपए) का निवेश करने जा रही है। यह निवेश आने वाले कुछ सालों में नई उत्पादन इकाई और गुणवत्ता सुविधाओं के लिए किया जाएगा। कंपनी ने बताया कि वह तुरंत इंजीनियर, केमिस्ट, एनालिटिकल साइंटिस्ट, क्वालिटी कंट्रोल और मैनेजमेंट जैसे पदों पर भर्ती शुरू करेगी। एलि लिली इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट पैट्रिक जॉनसन ने कहा कि यह निवेश भारत को हमारे ग्लोबल नेटवर्क का अहम हिस्सा बनाएगा। हमें विश्वास है कि भारत हेल्थकेयर मैन्युफैक्चरिंग का नया केंद्र बनेगा।




### भारत की क्षमता पर भरोसा

इंवेस्ट इंडिया की सीईओ की निवृति राय ने कहा कि एलि लिली का निवेश भारत की क्षमता और नीतिगत स्थिरता पर उनके भरोसे को दर्शाता है। यह न केवल हेल्थकेयर को मजबूत करेगा।

### हैदराबाद इनोवेशन का पावरहाउस

तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि एलि लिली का विस्तार दिखाता है कि हैदराबाद अब ग्लोबल हेल्थकेयर इनोवेशन का पावरहाउस बन चुका है। हाल ही में कंपनी ने यहां इनोवेशन साइट शुरू की थी और अब नया मैन्युफैक्चरिंग हब भी आ रहा है।

### हैदराबाद में लगाएगी उत्पादन इकाई

*कंपनी ने बताया कि वह हैदराबाद में नई उत्पादक इकाई और गुणवत्ता सुविधा स्थापित करेगी। यह हब पूरे भारत में एलि लिली के कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क की निगरानी करेगा और उन्नत तकनीकी सुविधाएं प्रदान करेगा। एलि लिली ने कहा कि भारत में निवेश करने का फैसला देश की कुशल टैलेंट, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकार की बिजनेस फ्रेंडली नीतियों पर भरोसे को दिखाता है।*

### भारत 'फार्मा हब' के रूप में उभर रहा

एलि लिली के मुताबिक, यह निवेश कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करेगा और दुनियाभर के मरीजों तक मोटापे, डायबिटीज, अल्जाइमर, कैंसर और ऑटोइम्यून बीमारियों की दवाएं पहुंचाने में मदद करेगा। यह निवेश भारत के हेल्थकेयर सेक्टर को ग्लोबल लेवल पर नई पहचान देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।




---


## ऑपरेशन सिंदूर में हुई पिटाई के बाद भारत से मिली दो टूक चेतावनी से बौखलाया पाक बोला

# अबकी बार युद्ध हुआ तो भारत अपने ही लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उसके बाद सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा भविष्य में सीमा पर फिर से कोई हिमाकत करने पर इतिहास और भूगोल दोनों को पूरी तरह से बदल देने वाली खुली चेतावनी के बाद पाकिस्तान बुरी तरह से बौखलाया हुआ है। उसके शीर्ष राजनेताओं से लेकर सेना के वरिष्ठ अधिकारी तक भारत के खिलाफ मीडिया में अपने बयानों के जरिए लगातार आग उगलने में लगे हुए हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और महानिदेशक (आईएसपीआर) इसमें सबसे आगे हैं। ख्वाजा आसिफ का कहना है कि अगर भविष्य में भारत ने हमारे खिलाफ किसी तरह की कोई शत्रुता करने या सैन्य संघर्ष भड़काने की कोशिश की तो वो (भारत) अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे ही दब जाएगा। पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना है और अल्लाह के रक्षक ही हमारे सिपाही हैं। भारत के नेता और सेना के जनरल पाकिस्तान के खिलाफ इसलिए बेहद तीखे बयान दे रहे हैं। क्योंकि मई महीने में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनके देश की आम-जनता के बीच उनकी साख को काफी बट्टा लगा है। जिसे अब वो पाक के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी के जरिए बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सैन्य अभियान को 0-6 के स्कोर के साथ ही



भारत की करारी हार भी बताया। लेकिन पाक के रक्षा मंत्री ये स्पष्ट नहीं कर पाए कि इस स्कोर का हकीकत में क्या अर्थ है? आसिफ के साथ-साथ पाकिस्तान के महानिदेशक (आईएसपीआर) लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ प्रयोग किए गए चीन के हथियारों के प्रदर्शन को शानदार बताते हुए उन्हें लेकर कसीदे पढ़े हैं।

### भारत के रक्षा मंत्री और सेनाप्रमुख का बयान

गौरतलब है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीते दिनों अपनी भुज यात्रा में सरक्रीक के इलाके में बढ़ती पाकिस्तानी गतिविधियों को लेकर उसे खुली चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर उसने सरक्रीक के इलाके में भारत के खिलाफ कोई गुस्ताखी करने की कोशिश की तो उसे ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि जिससे पाकिस्तान का इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। राजनाथ ने कहा था कि 1965 के युद्ध में भारतीय सेना अपने पराक्रम का परिचय देते हुए लाहौर तक पहुंच गई थी। लेकिन 2025 में दुश्मन देश ये याद रखे कि कराची तक का मार्ग सरक्रीक से ही होकर गुजरता है। उन्होंने ये भी कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी इलाके में सीमा विवाद खड़ा किया जाता है। सेना और बीएसएफ सीमा की सुरक्षा में मुस्तैदी से तैनात हैं और भारत किसी भी समस्या का बातचीत से हल निकालने के पक्ष में है। वहीं, सेनाप्रमुख ने अपनी राजस्थान यात्रा में कहा था कि अगर पाकिस्तान को इतिहास और भूगोल में बने रहना है तो उसे भारत के खिलाफ अपनी धरती से जारी राज्य प्रायोजित आतंकवाद को पूरी तरह से बंद करना पड़ेगा। क्योंकि ऐसा न करने की स्थिति में भविष्य में भारत पाकिस्तान के खिलाफ अभियान-2.0 में कोई नरमी नहीं बरतेगा।

### संघर्षविराम के लिए गिड़गिड़ाया था पाक

यहां इस तथ्य का उल्लेख करना बेहद जरूरी हो जाता है कि ये वही पाकिस्तान है। जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के ताबड़तोड़ हमले में अपने कई महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठानों और ठिकानों जैसे एयरबेस, रनवे, लड़ाकू विमानों के हैंगर और सैन्य कमांड-कंट्रोल सिस्टम के नेस्तनाबूद होने के बाद भारत के सामने घुटनों के बल बैठकर पूरी तरह से द्विपक्षीय आधार पर संघर्षविराम समझौता करने की गुहार लगाई थी। जिसके बाद 10 मई को पहले पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने भारतीय डीजीएमओ को फोन लगाया और उनसे सीमा पर जारी सैन्य कार्रवाई को तत्काल रोकने की मांग की। जिसे भारत ने स्वीकार किया और दोनों देशों के बीच इसी तारीख पर शाम पांच बजे से संघर्षविराम समझौता लागू हो गया। जो आज तक कायम है। हालांकि भारत ने पाकिस्तान को साफ शब्दों में ये बता दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ उसकी शून्य सहिष्णुता की नीति बरकरार है। भविष्य में उसने फिर से कोई गलती करने की कोशिश की तो उसे उसका तुरंत माकूल जवाब मिलेगा।

### चीन, तुर्किये ने दी थी मदद

पाकिस्तान ने 7 से 10 मई 2025 तक चले चार दिवसीय अभियान में भारत के खिलाफ चीन और तुर्किये से मिले हथियारों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था। जिसमें तुर्किये से मिले ड्रोन और चीन से मिली पीएल-15 मिसाइल मुख्य है। पाक के डीजी (आईएसपीआर) का कहना है कि मई महीने में हुए सैन्य अभियान में चीन में निर्मित हथियारों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हम हर तरह की तकनीक के लिए खुले हुए हैं। भारत इस पूरे प्रकरण को लेकर उक्त अभियान के दौरान ही उसके खिलाफ पाकिस्तान द्वारा चीन और तुर्किये से मिले हथियारों के इस्तेमाल के तथ्य का पुख्ता प्रमाणों के साथ खुलासा कर चुका है। जहां तक भारतीय वायुसेना के हमले में पाक को हुए भारी नुकसान की बात है तो उसका खुलासा तो सैटेलाइट तस्वीरों के माध्यम से हो चुका है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109